दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 14 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-321 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

## आज बेबाक

भ्रष्ट नेताओं का महिमामंडन करने में चमचों की जमात कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ती। चोर को साहूकार और साहूकार को चोर ठहराना इन भाड़े के टट्टुओं के लिए बाएं हाथ का खेल है। कट्टर ईमानदार आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता इस खेल के सबसे बड़े खिलाड़ी है। शराब घोटाले में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया की शान में रोज नए कसीदे गढ़े जा रहे है। महाराणा प्रताप के वंशज, भगत सिंह के अनुयायी, साधु संत और भक्त प्रहलाद बताने के बाद अब इस घोटालेबाज की तुलना भगवान राम से की जा रही है। वाकई हद है पागलपंथी की।

### //-- सुविचार --//

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

### जनसंख्या

विश्व : 8,021,659,822

भारत : 1,417,371,524

### बाजार

सेंसेक्स : 58237.85

निफ्टी : 17154.30

गोल्ड : 57,370 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.46 प्रति नग

### प्रदेश का मौसम

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 37.0 | 21.5 |
| बिलासपुर | 37.4 | 21.8 |
| जगदलपुर | 34.9 | 17.5 |
| अंबिकापुर | 33.2 | 16.4 |

### आज का दिवस

#### अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस

अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस हर साल 14 मार्च को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। इसे पाई दिवस (क्व्द्ध छ्इ4) के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि गणितीय स्थिरांक श्च (श्चद्ध) को 3.14 तक पूर्णांकित किया जा सकता है। इसका उद्देश्य लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में गणित की आवश्यक भूमिका के बारे में शिक्षित करना, जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना, महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना और सतत विकास में योगदान देना है। यह एक अपेक्षाकृत नई घटना है जो अभी कुछ साल पहले बनाई गई थी। यूनेस्को की कार्यकारी परिषद के 205वें सत्र में 14 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में घोषित किया गया था। इसके बाद नवंबर 2019 में यूनेस्को के आम सम्मेलन के 40वें सत्र में इस दिन को अपनाया गया। बाद में 2020 में, दुनिया ने 14 मार्च, 2020 को अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया।

# अडानी को लेकर सड़क पर उतरी कांग्रेस

## सीएम समेत नेताओं ने किया राजभवन मार्च

■ कहा- केंद्र सरकार जांच क्यों नहीं करती, बीजेपी पर साधा निशाना

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्र सरकार की नीतियों व अडानी के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ राजभवन का घेराव किया। इससे पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता राजधानी के अंबेडकर चौक पर सभा कर केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। इसके बाद यहां से राजभवन का घेराव करने निकले। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत 11 कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अडानी समूह की जांच करवाने की मांग की गई। इस दौरान अडानी और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। अडानी ग्रुप और केंद्र सरकार पर सांठगांठ का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। सीएम भूपेश ने कहा- अडानी 609 नंबर पर थे और कुछ ही महीने बाद दुनिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### कुमारी शैलजा बोली - संसद में पूछे सवालों का जवाब नहीं मिला

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी देशभर में केवल दिखावा कर रही है। संसद में पूछे गए सवाल का अब तक जवाब नहीं मिला है। यह मुद्दा अंतरराष्ट्रीय लेवल का है, जिसे लोकसभा और राज्यसभा में भी उठाया गया है। संसद में पूछे गए सवाल का जवाब आज तक नहीं मिला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने जो सवाल उठाया, उसे रिकॉर्ड से ही हटा दिया गया है। इसके बाद भी कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार से जवाब मांग रही है। देशभर में इस मुद्दे को उठाया गया है। इसी के तहत आज राजभवन का घेराव किया जा रहा है।

### बीजेपी पर जमकर साधा निशाना

पीएम आवास मुद्दा को लेकर बीजेपी के विधानसभा घेराव पर उन्होंने कहा कि बीजेपी पूरे देश में दिखावा करती रहती है। जहां पर इन्हें अच्छा लगता है, वहां पर योजना लागू करते हैं, जहां ठीक नहीं लगता वहां पर भेदभाव करते हैं। आप चाहे तो किसी भी स्कीम को उठाकर देख लीजिए। चाहे मनरेगा की बात हो या दूसरे स्कीम की। संगठन में बदलाव को लेकर कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस का महाधिवेशन हुआ था। उस समय राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को अधिकृत किया कि जो भी फेरबदल होगा वहीं करेंगे। हमने अपने संविधान में संशोधन किया है। खड़गे चाहे कांग्रेस वर्किंग कमेटी हो या जो भी बदलाव करना है वह करेंगे।

### मरकाम बोले- केंद्र में 'हम दो हमारे दो' की सरकार

सोमवार को पूरे देशभर में राजभवन घेराव का कार्यक्रम किया गया है। केंद्र की मोदी सरकार अडानी ग्रुप को बचाने का काम कर रही है । हमारी मांग है जांच हो। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र में 'हम दो हमारे दो कि सरकार है' मोदी जी कहते थे ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, लेकिन मोदी जी खुद भी खा रहे हैं और मित्रों को भी खिला रहे हैं। मरकाम ने आगे कहा कि पीएम के भाषण में अक्सर कहा जाता है देश बदल रहा है मगर हकीकत यह है कि देश देश बिक रहा है । हमारी मांग है स्टेट बैंक और अन्य बैंकों की जो संपत्तियां हैं जो देश के खून पसीने की कमाई और आम जनता का पैसा इनमें लगा है। उनका पैसा सुरक्षित हो। आम जनता की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ रही है। हम महामहिम राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करते हैं की अडानी की कंपनियों की जांच होनी चाहिए।

# प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष मरकाम ने अपनी ही सरकार को घेरा

■ करोड़ों की गड़बड़ी का लगाया आरोप, भाजपा विधायकों ने ली चुटकी

**रायपुर/नवप्रदेश।** होली की छुट्टी के बाद सोमवार से एक बार फिर छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र की कार्रवाई शुरू हो गई है। बजट सत्र की कार्रवाई शुरू होते ही प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष मोहन मरकाम ने अपनी ही सरकार को सवालों में घेरा। उन्होंने कोंडागांव में डीएमएफ फंड के बंटवारे में बंदरबांट करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल पूछा कि आरईएस निर्माण एजेंसी है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### धर्मजीत सिंह ने भी कसा तंज

धरमजीत सिंह बोले कितने भय मुक्त होकर मरकाम बोल रहे हैं। अधिवेशन में फोटो नहीं लगाए। फिर हटने वाले हैं ये बयान दे दिए तो ऐसे सवाल तो पूछेंगे ही। चौबे - 7 करोड़ का मसला है मैंने कहा तीन साल की खरीदी का मामला है। कोंडागांव जागरुक जिला है, उसमें कोई आपत्ति नहीं है। राज्य के अफसर से जांच कराने के निर्देश कर दूंगा। 1 महीने का टाइम लिमिट कर देता हूं, पुराने कार्यकाल के मसले हैं। 1 महीने में रिपोर्ट आएगी। अफसरों पर भी कार्रवाई होगी।

### राज्यपाल के बजट अभिभाषण पर बवाल

शून्यकाल के दौरान विपक्ष के नेताओं ने राज्यपाल के अभिभाषण पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया गया । जिसके चलते सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित की गई। भाजपा विधायकों ने विशेषाधिकार हनन करने के आरोप लगाए। अजय चंद्राकर बोले- अंग्रेजी में अलग और हिंदी में अलग है अभिभाषण, अंग्रेजी में कम और हिंदी में अभिभाषण का पैराग्राफ अधिक। जबकि बृजमोहन अग्रवाल बोले- राज्यपाल के साथ फ्रॉड हुआ, जिस अभिभाषण को स्वीकृत नहीं किया, उस भाषण की प्रतियां बांटी गई है। सरकार के मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया बोले- हमने आरक्षण पर वो लाइनें रखी हैं, भाजपा क्या आरक्षण का विरोध कर रही। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीचे तीखी नोकझोंक हुई। नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल बोले- विधानसभा और लोकसभा में कानून बनाता है, पढ़ने के लिए राज्यपाल को अलग कॉपी दी है।

## एक आईपीएस समेत 8 पुलिस अफसरों का तबादला

**रायपुर/नवप्रदेश।** सोमवार को राज्य शासन की ओर से राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। इसमें रायपुर के अलावा बीजापुर, जगदलपुर के अफसर हैं। जिन पुलिस अफसरों का तबादला हुआ है इनमें 2019 बैच के आईपीएस गौरव रामप्रवेश राय एएसपी बीजापुर को एसीबी मुख्यालय रायपुर में एएसपी, राज्य पुलिस प्रशासनिक सेवा के एएसपी ओमप्रकाश चंदेल को सुकमा से एसीबी, कीर्तन राठौर एएसपी ग्रामीण रायपुर को एसीबी, जगदलपुर 19वीं वाहिनी से नीरज चंद्राकर को एएसपी ग्रामीण रायपुर, डीएसपी मनोज ध्रुव एटीएस पीएचक्यू से सीएसपी सिविल लाइन रायपुर, राजीव शर्मा सीएसपी उरला रायपुर को एटीएस पीएचक्यू, वीरेंद्र चतुर्वेदी सीएसपी सिविल लाइन रायपुर को डीएसपी विशेष शाखा रायपुर और अविनाश मिश्रा डीएसपी विशेष शाखा रायपुर को उरला सीएसपी बनाया गया है।

## समलैंगिक शादी केस अब संविधान पीठ के पास

**नई दिल्ली।** सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 15 याचिकाओं पर अब 18 अप्रैल को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने मामले को महत्वपूर्ण बताते हुए ने सोमवार को मामला 5 जजों की संवैधानिक बेंच को भेज दिया है। सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट और यूट्यूब पर की जाएगी। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि यह एक मौलिक मुद्दा है।

राहुल के बयान पर संसद में हंगामा

# गोयल के बयान पर खरगे का पलटवार 'तानाशाह' की तरह चल रही है सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी द्वारा ब्रिटेन में दिए गए एक बयान को लेकर सत्तापक्ष के प्रहार पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि जो लोग भारतीय लोकतंत्र को कुचल रहे हैं वह इसे बचाने की बात कर रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप भी लगाया कि सत्तापक्ष के लोग संसद नहीं चलने देना चाहते, और इसी रणनीति के तहत उन्होंने हंगामा किया। पार्टी अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी और सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' की कहावत इन पर फि ट बैठती है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी 'तानाशाह' की तरह सरकार चला रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट है और अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की उनकी मांग जारी रहेगी। खरगे ने राज्यसभा में हुए हंगामे का उल्लेख करते हुए कहा, ''राहुल गांधी दूसरे सदन के सदस्य हैं और पीयूष गोयल जी (सदन के नेता) ने उनके भाषण को अपने ढंग से पेश किया। सदन में आज पीयूष गोयल जी ने जिस अभद्र भाषा का इस्तेमाल दूसरे सदन के एक सदस्य के लिये किया, वह अनुचित है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''भाजपा देश के लोकतंत्र को अपमानित करने का प्रयत्न कर रही है। भाजपा के शासन में लोकतंत्र व संविधान की कोई जगह नहीं बची है। ये लोग लोकतंत्र को कुचल रहे हैं। मोदी जी के राज में लोकतंत्र और संविधान के लिए कोई जगह नहीं है, जबकि ये लोग देश के मान-सम्मान की बात करते हैं।''

कांग्रेस महासचिव ने सरकार पर लगाए आरोप : कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, ''संसद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई क्योंकि सरकार नहीं चाहती कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### पीएम कई बार देश को शर्मसार कर चुके

खरगे ने प्रधानमंत्री के विदेशी धरती पर कुछ बयानों का हवाला देते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री ने शंघाई में कहा था कि पहले लोग इसको लेकर शर्मिंदा होते थे कि वो भारत में पैदा हो गए...देश के मान-सम्मान की बात करने वाले प्रधानमंत्री मोदी कई बार विदेशी धरती पर देश को शर्मसार कर चुके हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''आप (प्रधानमंत्री) संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं, लोकतंत्र खत्म कर रहे हैं, फिर लोकतंत्र को बचाने की बात कर रहे हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश में एक 'तानाशाह' की तरह सरकार चला रहे हैं।

### गोयल ने राहुल पर साधा निशाना

राज्यसभा में सदन के नेता और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह विषय उठाया और राहुल गांधी पर निशाना साधा। ज्ञात हो कि हाल ही में लंदन में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र के ढांचे पर ''बर्बर हमला'' हो रहा है। उन्होंने अफसोस जताया कि अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के लोकतांत्रिक हिस्से इस पर ध्यान देने में नाकाम रहे हैं। राहुल ने व्याख्यान में यह आरोप भी लगाया था कि भारत में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं।

## ममता ने बुलाई पार्टी नेताओं की बैठक, पंचायत चुनाव पर होगी चर्चा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की रणनीति पर चर्चा करने के लिए 17 मार्च को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाई है। राज्य में पंचायत चुनाव इसी साल मई में होने हैं। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, '' पार्टी प्रमुख ने राज्य में पंचायत चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा करने के लिए 17 मार्च को शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी, प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी और कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। '' तृणमूल के एक अन्य नेता ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि अप्रैल के पहले सप्ताह में पार्टी के जिला पदाधिकारियों के साथ एक और बैठक होगी। पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली के तहत 20 जिला परिषदों, 9,217 पंचायत समितियों और 48,649 ग्राम पंचायतों में कुल 825 सीटें हैं। राज्य में पंचायत चुनाव 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले सभी राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी।

## ऑस्कर में भारत को पहली बार दो अवॉर्ड

■ नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री

**नई दिल्ली।** 95वीं ऑस्कर सेरेमनी में पहली बार भारत को पहली बार दो अवॉर्ड मिले हैं। फि ल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता। वहीं, द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फि ल्म बनी। हालांकि, डॉक्यूमेंट्री फ ीचर फिल्म ऑल दैट ब्रीथ्स रेस से बाहर हो गई है। ऑस्कर अवॉर्ड में इन तीन कैटेगरी में भारत को नॉमिनेशन मिला था। नाटू-नाटू को इससे पहले गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का खिताब मिला था। ऑस्कर सेरेमनी में आरआरआर के नाटू-नाटू गाना लिखने वाले चंद्रबोस और कंपोजर एमएम कीरवानी ने ट्रॉफ ी ली। इस दौरान फि ल्म के डायरेक्टर राजामौली पीछे बैठे रहे। आरआरआर का तेलुगु मीनिंग रौद्रम रानम रुधिरम और हिंदी में राइज रोर रिवोल्ट है। बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री चुनी गई द एलिफेंट व्हिस्परर्स की डायरेक्टर कार्तिकी गोंजाल्विस और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा ने अवॉर्ड लिया।

# संपादकीय

## मनीष सिसोदिया का महिमामंडन

नई दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हजारों करोड़ रूपए के शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी के हत्थे चढ़ गए है। भ्रष्टाचार के आरोपी मनीष सिसोदिया का खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार महिमामंडन कर रहे है और मनीष सिसोदिया को कट्टर ईमानदार बता रहे है। आम आदमी पार्टी के अन्य नेता भी अरविंद केजरीवाल के सुर में सुर मिलाते हुए मनीष सिसोदिया की शान में कसीदे गढ़ रहे है। जब मनीष सिसोदिया के खिलाफ शराब घोटाले को लेकर सीबीआई ने जांच शुरू कर थी तब मनीष सिसोदिया ने खुद को महाराणा प्रताप का वंशज बताते हुए कहा था वे ऐसी किसी जांच से डरने वाले नहीं है। जब सीबीआई ने अपना शिकंजा और कंसा तो मनीष सिसोदिया ने खुद को शहीद भगत सिंह का अनुयायी बताते हुए कहा था कि केन्द्र सरकार उनके खिलाफ बदले की कार्यवाही कर रही है लेकिन वे झुकने वाले नहीं है। दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के सात दिन बाद भी देश की राजधानी में मचा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है. इसके उलट 'ईमानदार कौन' को लेकर सियासी जंग पहले से ज्यादा तेज हो गई है. इस जंग में आप का 'आई लव यू मनीष सिसोदिया , कांग्रेस की ओर से 'शराब की सेल में पटपड़गंज विधायक जेल में' और बीजेपी का केजरीवाल सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफखुलकर सड़क आने की घटना ने आग में 'घी' डालने जैसा काम किया है। वहीं, मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप की ओर चलाए गए ÷आई लव मनीष सिसोदिया अभियान को लेकर दिल्ली के शास्त्री पार्क थाने में केस भी दर्ज कराया गया है. दिल्ली पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफकेस राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के आदेश पर केस दर्ज किया है. एनसीपीसीआर ने आप की इन गतिविधियों को गैर कानूनी करार दिया है. एनसीपीसीआर ने अपने आदेश में कहा था कि एजुकेशन टास्क फोर्स के सदस्य शैलेश, राहुल तिवारी, वैभव श्रीवास्तव, तारिशी शर्मा और दिल्ली डायलॉग कमीशन के उपाध्यक्ष जैस्मिन शाह ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षकों से यह अभियान चलवाया. इसलिए, इनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए। सिसोदिया के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से शनिवार को किए गए एक ट्वीट में लिखा है- साहेब जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, मगर मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते, कष्ट अंग्रेजों ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को दिए, मगर उनके हौसले नहीं टूटे। जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश। बता दे कि ईडी के द्वारा आबकारी घोटाले में 290 करोड़ रुपए कथित तौर पर भ्रष्टाचार अर्जित रकम के मामले में सिसोदिया से पूछताछ करना है। जांच के दौरान पता चला है कि सिसोदिया पर दोषपूर्ण आबकारी नीति तैयार करने के लिए अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रचने का आरोप है। ईडी ने अदालत में यह भी दावा किया कि सिसोदिया ने अपने फोन को नष्ट कर दिया, जो जांच में एक महत्वपूर्ण सबूत है।

# हेट स्पीच को छोड़, मधुर वाणी का उपयोग करें

किशन भावनानी

> देश के महान पुरुषों की जीवनियां, अपने देश के पवित्र ग्रंथों, वेदों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने और अपने अच्छे आचरण व स्नेह के कारण उनके अंदर नैतिकता पैदा की जा सकती है। आदमी के अंदर तीन गुण विद्यमान होते हैं सत, रज, तम। हमें सतोगुण को बढ़ाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। सतोगुण का विकास अष्टांग योग के यम, नियम की पालना करने से होता है। सतोगुण वेदों, महान लोगों की जीवनी, सत्संग, भागवत इत्यादि का श्रवण करने से आते हैं। आज की युवा पीढ़ी को इस तरह की पुस्तकों का स्वध्याय करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय में जब बच्चा प्रवेश लेता है तो उस समय वह शून्य होता है।यहउत्तरदायित्व शिक्षक का बन जाता है कि उसे एक अच्छा इंसान बनाया जाए। उसके अंदर गुणों का विकास किया जाए, उसे अच्छे-बुरे की समझ हो। साथियों इसके साथ ही जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे नेतृत्व कर्ताओं को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि हेट स्पीच अनैतिक आचरण से जनता का बचाव करें नकि स्वयं ही इन विकारों का भागी बन कर कानूनी धाराओं में फंस कर जेल के द्वार जा पहुंचे

वैश्विक स्तरपर भारत आध्यात्मिक सोः संस्कारों आस्था मान्यताओं पर झुकाव अधिक रहा है अनेक जाति धर्म का एक माला के रूप में पिरोया भारतीय समाज खूबसूरती से अपने-अपने जाति धर्म की आध्यात्मिकता में अधिक विश्वास रखता है जो अनेकता में एकता का प्रतीक है।भारत में यह प्रथा सदियों से चली आई है फिर न जाने क्या हुआ के जाति धर्म रूपी असर दैत्य का जहरीला पंजा पड़ा जिसने विभिन्न जाति धर्म को बहलाया जरूर पर तोड़ नहीं सका और हम सब एक हैं का स्वर एक साथ निकला और हम बोल पड़े मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा की सोच कायम है। पर हमें यह मार्गदर्शन और संस्कार युवाओं तक भी पहुंचाना जरूरी है क्योंकि यह हमारे भविष्य हैं परंतु हम अभी युवाओं के आचरण में अपेक्षाकृत मिठास को कम होते देख रहे हैं इसका मुख्य कारण तेजी से बढ़ रहे हेट स्पीच और अनैतिक आचरण की हवाओं से सौहार्दपूर्ण माहौल में कुछ धार्मिक कट्टरपंथी राजनीतिक एंगल दुष्प्रचार एंगल और विदेशी ताकतों की हलचल मुख्य कारण हो सकते हैं जिसे रोकने के लिए बड़े बुजुर्गों को आगे आना होगा और इन विकारों को रोकने के लिए आध्यात्मिकता की ओर मोड़कर संस्कारों में डालना जरूरी है अन्यथा कानूनी कार्यवाही न्यायालय ने सजा सटीक उपाय है ही परंतु इसकी नौबत ना आए इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से इस विषय पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम हेट स्पीच के कानूनी पहलू की करें तो पालन के भारतीय दंड संहिता में इसकी स्पष्ट परिभाषा नहीं है परंतु यह अन्य उन शब्दों को संदर्भित करता है जिनका इरादा किसी विशेष समूह के प्रति घृणा पैदा करना है यह समूह एक समुदाय धर्म जाति विशेष हो सकता है इसके परिणाम स्वरूप हिंसा की संभावना होती है पुलिस अनुसंधान विकास वीरों ने भी हेट स्पीच की परिभाषा विकसित की है। भारत के विधि आयोग ने भी अपनी 267 भी रिपोर्ट में हेट स्पीच को मुख्य रूप से जाति नस्लें लिंग योन धार्मिक विश्वास आदि के खिलाफधरना को उकसाने के रूप में देखा जाता है आईपीसी में हेट स्पीच की धारा 153 ए, 153ङ्घ, 295,505,152 52 में दंडनीय अपराध है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोक सकती है।

साथियों बात अगर हम हेट स्पीच और अनैतिक आचरण को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखें तो,संसार में मानव परमात्मा की प्रमुख व खूबसूरत कलाकृति है तथा मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मानव होने के नाते हम कुछ ऐसी मानवीय संवेदनाओं, आवश्यकताओं, अपेक्षाओं व धारणाओं के सूत्र में बंधे हुए हैं, जिसका कोई कानूनी, शास्त्रीय, धार्मिक या जातीय प्रतिबंध न होते हुए भी हमारे निजी, सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय जीवन से सीधा सरोकार है। इनका निर्वाह हमारे नैतिक दायित्व के अंतर्गत प्रमुख है। किसी लाभ, स्वार्थ या प्रतिफल की इच्छा के बिना दूसरों की मंगल कामना, लोक कल्याण, सबके हित में योगदान करना भी हमारे दायित्व में आता है।

साथियों आज की युवा पीढ़ी को भावी व चरित्रवान बनाना तथा पौराणिक ज्ञान से दनुप्रमाणित होकर आधुनिक तकनीक और विज्ञान में भी किसी से पीछे न रहने की पद्धति का अनोखा संगम बच्चों के भविष्य को एक स्वर्णिम राह की ओर ले जाएगा। अगर सभी अच्छे बन जाएंगे तो निश्चित रूप से समस्त समाज भी अच्छा हो जाएगा। शिक्षक के रूप में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य शिष्यों को सभ्य एवं शिक्षित बनाना है न केवल साक्षर। शिक्षक होने के नाते हमारा दायित्व हो जाता है कि बच्चों में नैतिक मूल्यों को भी भरें और संस्कारों को लेकर उनके साथ रोजाना बातचीत की जाए। रोजाना अगर संस्कार की बात होगी तो बच्चे स्वयं ही नैतिक मूल्य व संस्कारों के प्रति सजग रहेंगे जिससे हमारा दायित्व भी पूरा हो जाएगा। आज के परिदृश्य में नैतिकता की लकीर खोती जा रही है जिसकेपरिणामस्वरूप असंगठित व्यक्ति बनते हैं, जिसका परिणाम सामाजिक अव्यवस्था के रूप में प्रकट होता है।युवाओं में नैतिक भावना का अभाव चिंता का कारण है। क्योंकि ये किशोर अपने आप को अनैतिक आचरण में लिप्त कर रहे हैं जो न केवल क्षुद्र हो सकता है बल्कि गंभीर भी हो सकता है। इस चिंता के लिए बहुत सारे कारक हो सकते हैं लेकिन व्यक्तिगत कारकों में नैतिकता की कमी की अधिक भूमिका होती हैयह उनकी सभी इच्छाएं हैं जिनमें नैतिक पहलुओं का अभाव है।किशोरों में आपराधिक प्रवृत्ति देखी जा सकती है। इस तथ्य के बावजूद कि वयस्कों के साथ युवाओं के जुड़ाव के प्रमाण बढ़ रहे हैं। यह भी माना जाता है कि अपराध व्यक्तिगत कुसमायोजन का उत्पाद है अर्थात नैतिक भावना का नुकसान है। साथियों विद्यार्थियों में नैतिकता, अच्छे विचारों, शिष्टाचार, आदर, विनम्रता, सहनशीलता का गुण उत्पन्न होने चाहिए। इसके लिए उन्हें प्रेरणादायी पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना जरूरी है। देश के महान पुरुषों की जीवनियां, अपने देश के पवित्र ग्रंथों, वेदों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने और अपने अच्छे आचरण व स्नेह के कारण उनके अंदर नैतिकता पैदा की जा सकती है। आदमी के अंदर तीन गुण विद्यमान होते हैं सत, रज, तम। हमें सतोगुण को बढ़ाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। सतोगुण का विकास अष्टांग योग के यम, नियम की पालना करने से होता है। सतोगुण वेदों, महान लोगों की जीवनी, सत्संग, भागवत इत्यादि का श्रवण करने से आते हैं। आज की युवा पीढ़ी को इस तरह की पुस्तकों का स्वध्याय करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय में जब बच्चा प्रवेश लेता है तो उस समय वह शून्य होता है।यहउत्तरदायित्व शिक्षक का बन जाता है कि उसे एक अच्छा इंसान बनाया जाए। उसके अंदर गुणों का विकास किया जाए, उसे अच्छे-बुरे की समझ हो। साथियों इसके साथ ही जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे नेतृत्व कर्ताओं को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि हेट स्पीच अनैतिक आचरण से जनता का बचाव करें नकि स्वयं ही इन विकारों का भागी बन कर कानूनी धाराओं में फंस कर जेल के द्वार जा पहुंचे इसलिए हम सबका आध्यात्मिकता की राह पर चलकर ज्ञानरूपी मंत्र को ग्रहण करना जरूरी है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे वरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, आओ हेट स्पीच को छोड़, मधुर वाणी का उपयोग करें।आध्यात्मिकता से जुड़कर हेट स्पीच अनैतिक आचरण को दूर भगाएं। पैतृक संस्कारों के साथ आध्यात्मिक सोच विकसित करना जीवन को सकारात्मक बनाने में सहायक।

# आज का पंचांग (मंगलवार, 14 मार्च 2023)

सूर्योदय : 06:41, सूर्यास्त : 06:21
चन्द्रोदय : 18:13, चन्द्रास्त : 06:41

### अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत :1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वत : 2079 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : धृति, (21:15 से शूल), प्रथम करण : बव (18:09 तक), द्वितीय करण : बालव (पूर्ण रात्रि)

### ॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह, मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

### शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:05 से 12:52, अमृत काल : 19:22 से 21:07, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त : 18:17 से 18:42, सायाह्न सन्ध्या : 18:19 से 19:33, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:52, राहुकाल : 15:24 से 16:52, यमगण्ड : 09:32 से 11:00, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : उत्तर - 26:22 से, राहुवास : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : श्मशान में - 18:09 से गौरी के साथ

### चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - रोग, 2 - उद्वेग, 3 - चर, 4 - लाभ, 5 - अमृत 6 - काल, 7 - शुभ, 8 - रोग
॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - काल, 2 - लाभ, 3 - उद्वेग, 4 - शुभ, 5 - अमृत, 6 - चर, 7 - रोग, 8 - काल

**नोट:** दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

**शुभ यात्रा दिशा:** पूर्व-उत्तर (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें)

**तिथि विशेष-** उपनयन संस्कार+देवप्रतिष्ठा मुहूर्त प्रातः 11:09 से दोपहर 12:38 तक, चूड़ाकर्म संस्कार+गृहप्रवेश+ वाहन क्रय-विक्रय मुहूर्त प्रातः 11:09 से दिन 03:34 तक, नींव खुदाई एवं गृहारम्भ मुहूर्त प्रातः 11:09 से दोपहर 12:38 तक, विद्या एवं अक्षर आरम्भ मुहूर्त प्रातः 09:47 से 10:13 तक आदि।

### आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम ज्येष्ठा नक्षत्र के प्रथम द्वितीय, तृतीय चर्तुथ चरण अनुसार क्रमशः नो, य, या, यि, यु नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

### उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:36 से 07:02, मीन - 07:02 से 08:25, मेष - 08:25 से 09:59, वृषभ - 09:59 से 11:54, मिथुन - 11:54 से 14:09, कर्क - 14:09 से 16:30, सिंह - 16:30 से 18:49, कन्या - 18:49 से 21:07, तुला - 21:07 से 23:28, वृश्चिक - 23:28 से 25:47, धनु - 25:47 से 27:51, मकर - 27:51 से 29:32

### पञ्चक रहित मुहूर्त

रज पञ्चक - 06:37 से 07:02, शुभ मुहूर्त - 07:02 से 08:25, शुभ मुहूर्त - 08:25 से 09:590 रज पञ्चक - 09:59 से 11:54, शुभ मुहूर्त - 11:54 से 14:09, चोर पञ्चक - 14:09 से 16:30, शुभ मुहूर्त - 16:30 से 18:09, रोग पञ्चक - 18:09 से 18:49, शुभ मुहूर्त - 18:49 से 21:07, मृत्यु पञ्चक - 21:07 से 23:28, अग्नि पञ्चक - 23:28 से 25:47, शुभ मुहूर्त - 25:47 से 26:22, रज पञ्चक - 26:22 से 27:51, शुभ मुहूर्त - 27:51 से 29:32, चोर पञ्चक - 29:32 से 30:36

# आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेष-** आज के दिन आपके मन में अनेक योजनाएं बनती रहेंगी लेकिन इनको समय अथवा धन अभाव के कारण साकार रूप नहीं दे पाएंगे।

**वृष-** आज के दिन आपको विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन-** आज के दिन व्यापारी वर्ग को लाभदायक सौदे मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं पर भी धन का निवेश करेंगे साथ ही बचत भी कर पाएंगे।

**कर्क-** आज के दिन आप जहाँ भी रहेंगे वहीं आलस्य प्रमाद फैलाएंगे। आर्थिक लाभ की उम्मीद न एक बराबर रहेगी परन्तु खर्चो में कमी लाने में सफल रहेंगे जिससे धन सम्बंधित समस्या नहीं बनेगी।

**सिंह-** आज के दिन आपमें चंचलता अधिक रहेगी बेकार के विषयों में मन भटकेगा परन्तु निकट भविष्य में धन लाभ के प्रबल योग भी बन रहे है।

**कन्या-** आज के दिन आपके द्वारा लिये निर्णय प्रेमीजनों से राग द्वेष की भावना बना सकते है।

**तुला-** आज के दिन आपको आकस्मिक लाभ की सम्भावनाये बन रही है। जोखिम वाले कार्यो से डर लगेगा परन्तु शीघ्र ही इसके बेहतर परिणाम मिल सकते है।

**वृश्चिक-** आज आप अपने महत्त्वपूर्ण कार्यो में सफलता पाने के लिये जी जान से प्रयत्न करेंगे आरम्भ में इनमे असफलता नजर आएगी परन्तु मध्यान के बाद परिश्रम का फल मध्यम ही सही लेकिन अवश्य मिलेगा।

**धनु-** आज का दिन प्रत्येक क्षेत्र से आनंद की प्राप्ति कराएगा।

**मकर-** आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी कार्यो को अधिक बेहतर बनाने का प्रयास अवश्य करें।

**कुंभ-** आज के दिन भी अधिकांश समय परिस्थिति चिंता मुक्त रहेगी। लेकिन भ्रामक खबरों पर देख-भाल कर ही यकीन करें अन्यथा जल्दबाजी में गलत निर्णय हानि करा सकता है।

**मीन-** आजका दिन आपके पक्ष में रहेगा। मन की कल्पनाएं काफी हद तक साकार होने की संभावनाएं रहेंगी। आपके विचार भी लोगो को आकर्षित करेंगे। दो पक्षो के झगडे में मध्यस्थता कर सकते है निर्णय निष्पक्ष देने से सम्मान मिलेगा।

# पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### देखकर झुर्रियां

देखकर झुर्रियां चेहरे की डर मत जाना साहिब इनमें मेरे बच्चों की मुस्कानें सम्हाली हैं हमने ।। माना कि जिंदगानी में बेचैनियाँ अच्छी नहीं होती मगर टूटकर जुड़ने का हुनर इन्हीं से सीखा हमने।। लकीरें खींचता रहा जमाना मेरी पेशानी पर मिला आईना हौसले का हंसकर सहा सब हमने। – **कल्पना मनोरमा**

### उसके कोमल हृदय

उसके कोमल हृदय के अंदर मेरा हृदय बसा हुआ है। आँखों की गहराई में उसकी प्रेम का सार भरा हुआ है । नये प्रेम की परिभाषा देती। मीलों का फासला तय करके मेरे हृदय द्वार पे दस्तक वो देती है। पुलकित करती मेरा उपवन अभिसार करु या श्रृंगार करू बस जावू मै उसके चितवन।
– **सरिता सैल**

**खास पाती**

### उठता है दर्द दिल में

उठता है दर्द दिल में , मगर आँखें नम नहीं ये बात सच है तुझसे , बिछड़ने का ग़म नहीं मैं बेवफ़ा नहीं हूँ , ये इल्ज़ाम मत लगा मैं चाहता था तुझको , कभी भी सनम नहीं ये खुदकुशी का तूने , इरादा ग़लत किया क्या ज़िन्दगी तेरे लिए , कुछ भी अहम नहीं तनहाई आज साथ मेरे , दिल बुझा - बुझा उखड़ी हुई हैं साँसें , जैसे मुझ में दम नहीं कैसे भुलाऊँ हादसा , तस्वीर आँखों में कैसे छुपाऊँ अश्क मैं , है ज़ख़्म कम नहीं दिल टूटने पे आज मैं , शाइर तो बन गया लेकिन ज़माने का है ,अभी कम सितम नहीं शिकवे-गिले भुला के , कभी लौट आओ तुम उल्फ़त का मैं पुजारी , है नफ़रत धरम नहीं बिखरे हैं दिल के कमरे , नहीं आज कोई है 'ऐनुल' मगर ये सच है , मेरा दिल हरम नहीं। – **'ऐनुल' बरौलवी**

### रहने दो ये अँधेरे कि अब ये

रहने दो ये अँधेरे ,की अब ये नही डसता है , रौशनी का अब एक-एक कतरा भी चुभता है , जब पहले रौशनाई में चलता था , हर एक हाँथ सलामी में उठता था , सहर क्या गया ,एक हवा क्या चली जो जलया था दिया वो क्या बुझा की सब बदल गया ,की सब ढल गया एक रात स्याह सी उम्र भर को छा गई , कोई हाँथ न उठा ,कोई पुकार न गूंजी, कोई राह न सूझी ,कोई रोशनी न फूटी , सब खो गया जैसे सारा जहाँ सो गया लड़खड़ाते रहे छटपटाते रहे। – **नमन कुमार मिश्रा**

### तुम्हारी याद में तन्हा मिरी रातें

तुम्हारी याद में तन्हा मिरी रातें तड़पती है, तुम्हारी इंतिजारी में खड़ी राहें तड़पती है, तुम्हारे लम्स को पाकर महकने के लिए तन्हा ख़बर तुझको नही कैसे मेरी बाँहे तड़पती है। – **गोविन्द शर्मा**

### जो दर्द-ओ- ग़म न हो शामिल

जो दर्द-ओ- ग़म न हो शामिल तो आशिक़ी क्या है ! लहू से दिल के न लिक्खी तो शायरी क्या है !! जो रूह क़ैद है ज़िन्दान के अंधेरों में , वो क्या बताए तुम्हें साल क्या सदी क्या है ! जो मेरे पास था क़ुर्बान तो किया तुझ पर , ऐ ज़िंदगी तू बता और चाहती क्या है ! जो ज़ख़्म बोया है दिल में तो फ़सले ख़ूँ काटो , 'वफ़ा' पता तो चले दिल की ख़ुदकुशी क्या है। – **कविता सिंह**

### दिन आवत हे गरमी के नंगत

दिन आवत हे गरमी के नंगत झड़क लौ बासी दही-मही के बोरे होवय चाहे होवय तियासी तन तो जुड़ लागबे करही मन घलो रही टन्नक काम-बुता म चेत रही नइ लागय कभू उदासी।
– **कवि सुशील भोले**

### गूंगे गुड़ सा शब्द है तटबंध ना

गूंगे गुड सा शब्द है तटबंध ना दीवार कलकल निर्झर सा बहे , पावन सा त्यौहार पावन सा त्यौहार , चांदनी देती पाती नयनों बसता चाँद , गीत हैं लहरें गाती ज्योति बुझी है प्यास , रतन से तारे मूंगे धुन में मगन पलाश , बौर आम हुए गूंगे।
– **ज्योत्सना सक्सेना**

### दर्द सीने में मेरे यूँ ही

दर्द सीने में मेरे यूँ ही मुसलसल होगा आपकी दीद से ही हिज्र मुकम्मल होगा जान से जायेंगे ,तब जान में जान आयेगी यह तो होना ही है, जो आज़ नहीं कल होगा इश्क़ वालों से सहूलत का सौदा ना करो यह अज़ीयत से गुज़र कर ही तो अव्वल होगा। – **अनु मित्तल**

# आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1647 - बावारिया, कॉलोन, फ्रांस और स्वीडन ने 30 साल चले युद्ध के बाद संघर्ष विराम संधि पर हस्ताक्षर किये। 1653 - नीदरलैंड के कमांडर जोहान वान गैलेन ने एंग्लो-डच युद्ध में ब्रिटिश बेड़े को हराया। 1794 - एली ह्विटनी ने कॉटन गिन मशीन का पेटेंट कराया जो अमेरिकी कपास उद्योग के लिए क्रांतिकारी साबित हुई। 1879 - सापेक्षता के सिद्धांत से ब्रह्मांड की गुत्थियां सुलझाने वाले महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन का जन्म। 1883 - महान अर्थशास्त्री कार्ल मार्क्स का निधन। 1905 - फ्रांसीसी समाजशास्त्री, दार्शनिक और पत्रकार रेमंड आरों का जन्म। 1912 - इटली के राजा विट्टोरियो इमैनुअल तृतीय जानलेवा हमले में घायल हुए। 1913- मलयाली लेखक शंकरन कुट्टी पोट्टेक्कट का जन्म। 1914 - सर्बिया और तुर्की ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1926 - लातिन अमेरिकी देश कोस्टारिका में रेल हादसे में 248 लोगों की मौत ,93 घायल।

# QUIZ TIME

1) सातवीं सदी के प्रारम्भ में किस शैव संत ने सर्वप्रथम तमिल साहित्य के लिए संगम शब्द का प्रयोग किया?
2) देश के प्रथम अंतरिम मंत्रिमंडल में खाद्य एवं कृषि मंत्री कौन थे?
3) भारतीय जनता पार्टी की स्थापना वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ के रूप में किसके नेतृत्व में हुई थी?
4) अपने उपन्यास द सिटी एंड द सी के लिए किसने तीसरा रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार 2020 जीता है?
5) विश्व की सबसे अमीर महिला एथलीट कौन बन गई हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तिरुज्ञानसम्बन्दर (2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (3) श्यामा प्रसाद मुखर्जी (4) राज कमल झा (5) नाओमी ओसाका

# प्रेरक प्रसंग

## संसार में बुराई का अस्तित्व

एक दिन कॉलेज में प्रोफेसर ने विद्यर्थियों से पूछा कि इस संसार में बुराई का अस्तित्व है या नहीं? सभी ने कहा, हां प्रोफेसर ने कहा कि इसका मतलब बुराई था ही ,और है ही और रहेगा भी। प्रोफेसर ने इतना कहा तो एक विद्यार्थी उठ खड़ा हुआ और उसने कहा कि इतनी जल्दी इस निष्कर्ष पर मत पहुंचिए सर। प्रोफेसर ने कहा, क्यों? अभी तो सबने कहा है कि बुराई का अस्तित्व है ही। विद्यार्थी ने कहा कि सर, मैं आपसे छोटे-छोटे दो सवाल पूछूंगा। फिर उसके बाद आपकी बात भी मान लूंगा। प्रोफेसर ने कहा, तुम बंटी की तरह सवाल पर सवाल करते हो। खैर पूछो। विद्यार्थी ने पूछा, सर क्या दुनिया में ठंड का कोई वजूद है? प्रोफेसर ने कहा, बिल्कुल है। सौ फीसदी है। हम ठंड को महसूस करते हैं। विद्यार्थी ने कहा, नहीं सर, ठंड कुछ है ही नहीं। ये असल में गर्मी की अनुपस्थिति का अहसास भर है। जहां गर्मी नहीं होती, वहां हम ठंड को महसूस करते हैं। प्रोफेसर चुप रहे। विद्यार्थी ने फिर पूछा, सर क्या अंधेरे का कोई अस्तित्व है? प्रोफेसर ने कहा, बिल्कुल है। रात को अंधेरा होता है। विद्यार्थी ने कहा, नहीं सर। अंधेरा कुछ होता ही नहीं। ये तो जहां रोशनी नहीं होती वहां अंधेरा होता है। प्रोफेसर ने कहा, तुम अपनी बात आगे बढ़ाओ। विद्यार्थी ने फिर कहा, सर आप हमें सिर्फलाइट एंड हीट (प्रकाश और ताप) ही पढ़ाते हैं। आप हमें कभी डार्क एंड कोल्ड (अंधेरा और ठंड) नहीं पढ़ाते। फिजिक्स में ऐसा कोई विषय ही नहीं। सर, ठीक इसी तरह अस्तित्व में सिर्फअच्छी चीज है। अब जहां अच्छा नहीं होता, वहां हमें बुराई नज़र आती है। पर बुराई का कोई अस्तित्व है नहीं। ये सिर्फअच्छाई की अनुपस्थिति भर है। दरअसल दुनिया में कहीं बुराई है ही नहीं। ये सिर्फ प्यार, विश्वास की कमी का नाम है। ज़िंदगी में हमेशा अच्छा बनने का और अच्छाइयां बांटने का प्रयास कीजिए।

# वर्ग पहेली

## शब्द सामर्थ्य -002

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | 23 | | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक001का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## न्यूज गैलरी

### मंत्री का निवास घेरने निकले भाजपाइयों की पुलिस से झूमाझटकी

**रायपुर/नवप्रदेश।** जिले के आरंग मेंभारतीय जनता पार्टी ने मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत आरंग के पुराना मंडी परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आरंग विधानसभा के हजारों कार्यकर्ता सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी उपस्थित रहे। इसके बाद हजारों की संख्या में कार्यकर्ता आरंग स्थित मंत्री शिव डहरिया के निवास का घेराव करने पैदल ही निकल पड़े। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल तैनात था। बस स्टैंड के पास तीन लेयर में बैरिकेडिंग की गई थी। भाजपा कार्यकर्ता पहला बेरिकेड्स को तोड़ने में सफल रहे, लेकिन टीन-शेड से बने बेरिकेड्स के पास भारी संख्या में मौजूद पुलिस जवानों ने उन्हें रोक लिया। फिर क्या था प्रदर्शनकारी जमीन पर ही बैठकर नारेबाजी करने लगे और प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम आरंग एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

### एसबीआई उपभोक्ता संरक्षण के लिए प्रयत्नशील

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय रिजर्व बैंक दो दशक से ज्यादा समय से उपभोक्ता संरक्षण के लिए प्रयत्नशील है। इस दिशा में कदम उठाते हुए पहली बार 1995 में बैंकिंग लोकपाल योजना जारी किया गया था। तब से लेकर अबतक समय समय पर विनियमित संस्थाओं के कार्य पद्धति में होते बदलाव को देखते हुए लोकपाल योजना में भी बदलाव किया गया और सन 2021 में इसके पहले लागू तीन अलग अलग लोकपाल योजनाओं को एकीकृत कर वर्तमान स्वरूप में लाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक का उदेश्य है इस एकीकृत लोकपाल योजना के जरिये विनियमित संस्थाओं द्वारा ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवा में त्रुटि / कमी / अभाव से संबन्धित शिकायत का निवारण अथवा समाधान निशुल्क, निष्पक्ष और त्वरित किया जा सके। RBIO ( रिजर्व बैंक के लोकपाल) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त अधिकारी होता है। देश में कुल 20 लोकपाल हैं। शिकायत के प्रसंस्करण की प्रक्रिया में लोकपाल विनियमित संस्था की सेवा में त्रुटि सिद्ध होने की स्थिति में न सिर्फ विवाद के विषय को सुलझाता है और विवाद में निहित राशि ग्राहक को प्राप्त होती है।

### होली मिलन समारोह संपन्न

**रायपुर/नवप्रदेश।** धरसीवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा द्वारा आज नगर पंचायत खरोरा और ग्राम पंचायत टेकारी में होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ इस होली मिलन के अवसर में सांस्कृतिक और पारंपरिक गीत और ढोल नगाड़ा के साथ साथ क्षेत्रवासियों ने जमकर आनंद उठाया एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और नाचकर होली खेली। विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा कहा कि होली मिलन समारोह से समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करता है होली पर्व में हम सभी को आपसी मनमुटाव को पीछे रखकर यहां पर लोगों ने जमकर होली खेली और क्षेत्रवासियों में अच्छा हर्ष और उल्लास का वातावरण मिला इस होली मिलन समारोह से आज सभी क्षेत्रवासियों ने मिलकर होली खेली और एक दूसरे को रंग लगाया। इस अवसर में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत, युवा कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच और वरिष्ठगण और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी भारी संख्या में होली मिलन समारोह में शामिल हुए।

### वॉर्डबॉय ने नर्स से किया दुष्कर्म

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में शादी का झांसा देकर लम्बे वक़्त तक बलात्कार की घटना को अंजाम देने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया हैं। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की हैं जहां एक वार्डबॉय पर नर्स को झांसे में लेकर उसकी आबरू लूटने का आरोप हैं। करीब दो साल तक आरोपी नर्स को झांसे में रखकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। अब जाकर आरोपी वार्डबॉय के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। पुलिस ने पूरा मामले की जाँच शुरू कर दी है। पीड़िता एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स का काम करती हैं। बताया जा रहा हैं की पीड़िता नर्स की आरोपी की पहचान एक मेट्रोमोनियल सॉइट शादी डॉट कॉम जरिये हुई थी। इसके बाद आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया। इस दौरान दो साल तक वह नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। हैरानी वाली बात यह हैं की वॉर्डबॉय ने खुद को नर्स के सामने AIIMS के डॉक्टर के तौर पर पेश किया था। पुलिस पीड़िता के बयान के मुताबिक़ अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

### फसलों की संभावनाओं व क्षमताओं पर कार्यशाला आज से

**रायपुर/नवप्रदेश।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सरकंडा, बिलासपुर में 14 एवं 15 मार्च को ''मसाला एवं सगंध फसलें - छत्तीसगढ़ में संभावनाएं एवं क्षमताएं'' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा सुपारी एवं मसाला अनुसंधान संस्थान, कालीकट, केरल, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), रायपुर, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी निदेशालय, रायपुर तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के सहयोग से किया जा रहा है। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ कल सुबह 11 बजे होगा जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा हांगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मोहम्मद असलम, सलाहकार नॉर्थ ईस्टर्न डिवीजन - बी.पी.एम.सी. से ऑफ डी.बी.टी., नई दिल्ली, डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि, मुख्य महाप्रबंधक राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक रायपुर, आनंद मिश्रा, प्रबंध मण्डल सदस्य, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, एवं बाबूलाल मीणा, उपनिदेशक सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय, कालीकट केरल उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे तथा छत्तीसगढ़ में मसाला एवं सगंध फसलों के उत्पादन की संभावनाओं एवं क्षमताओं के संबंध में विचार-विमर्श करेंगे। इस अवसर पर मसाला एवं सगंध फसलों के उत्पादन, प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन तकनीकों पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के.एस. तिवारी ने बताया कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य में मसाला एवं सुगंधित फसलों की खेती का प्रचार एवं प्रसार कर प्रगतिशील कृषकों को इसकी खेती की तकनीकी जानकारी से अवगत कराना है एवं भविष्य में राज्य शासन के सहयोग से मसाला फसलों के प्रसंस्करण हेतु पहल कर कृषकों को आत्मनिर्भर बनाना है। दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान हल्दी, अदरक, काली मिर्च, हरी मिर्च, इलायची, दालचीनी, लौंग, धनियां, मेथी, लहसुन, सौंफ जीरा आदि मसाला फसलों तथा लेमन ग्रास, सेट्रोनेला, पचौली, मोनार्डा, तुलसी, खस, गेंदा, गुलाब, चमेली, चंदन आदि सगंध एवं औषधीय फसलों के छत्तीसगढ़ में उत्पादन की संभावनाओं एवं क्षमताओं के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में लगभग 9 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सगंध एवं औषधीय फसलों की खेती की जा रही है, जिनसे 60 हजार मेट्रिक टन से अधिक उत्पादन प्राप्त हो रहा है। राज्य की प्रमुख मसाला फसलें अदरक, लहसुन, हल्दी, धनिया एवं मेथी हैं।

# एक्सपोर्ट आउटरीच कार्यक्रम में रायपुर कलेक्टर हुए शामिल

- एक्सपोटर्स को कई शासकीय सुविधाएं, बड़े निर्यातक हब के रूप में विकसित होने की तरफ बढ़ रहा छत्तीसगढ़
- नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर जिले के साथ राज्य से निर्यात बढ़ाने और निर्यातकों की समस्या-सुविधाओं पर हुई चर्चा

**रायपुर/नवप्रदेश।** नवा रायपुर में आयोजित एक्सपोर्ट आउटरीच कार्यक्रम में निर्यातकों और निवेशकों ने रायपुर जिले के साथ छत्तीसगढ़ राज्य से निर्यात बढ़ाने के लिए की जाने वाली तैयारियों पर आज खुलकर चर्चा की। विदेश व्यापार महानिदेशालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासन की ओर से कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य से निर्यात योग्य उत्पादों और निर्यातकों को दी जाने वाली शासकीय सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निर्यातकों और निवेशकों ने अपनी समस्याएं भी रखी और निर्यात बढ़ाने के लिए सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में ट्रीक, सफेक्सिल, उद्योग विभाग, लघु वनोपज फेडरेशन, एपिडा, सीडबी के साथ-साथ बैंक ऑफ बड़ोदा के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। भारत सरकार के विदेश व्यापार निदेशालय द्वारा जिलों को एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से निर्यात बढ़ाने की संभावनाओं वाले देश के 75 जिलों में ऐसे कार्यक्रम किए जा रहें हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में इसके लिए रायपुर एवं दुर्ग जिले का चयन किया गया है।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में चावल सहित कई उत्पादों का प्रमुख निर्यातक राज्य है। राज्य शासन ने एक्सपोटर्स को कई सुविधाएं दी है। राज्य से निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए सवंर्धन समिति बनाने के साथ मंडी शुल्क में पांच प्रतिशत की छूट से लेकर औद्योगिक नीति में निर्यातकों के लिए विशेष प्रावधान भी किए गए है। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सुविधाओं और मदद से छत्तीसगढ़ तेजी से एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित होने की तरफबढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में शासन की नीतियों और सुविधाओं से राज्य के निर्यात में 22 प्रतिशत से अधिक औसत वृद्धि हुई है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ से चावल, कस्ट्रक्शन मशीनरी और मटेरियल तथा प्रसंस्कृत मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहें है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में बनने वाले वायर, रॉड, बार, क्वाइल, टीएमटी सरिए, क्रूड स्टील के साथ-साथ वनोपजों इमली, महुआ, लाख और लघु धान्य मिलेट्स कोदो कुटकी रागी आदि के निर्यात की संभावनाओं और इनके लिए कार्य योजना बनाने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में मौजूद निर्यातकों और निवेशकों ने छत्तीसगढ़ को निर्यात की दृष्टि से संभावना का प्रदेश बताया। निर्यातकों ने चावल के निर्यात को बढ़ाने के लिए जारी मंडी शुल्क में 5 प्रतिशत की छूट को आगे भी जारी रखने की मांग रखी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभी चावल निर्यातकों को एक साल के लिए मंडी शुल्क 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। जिसकी अवधि अगले 2 महिनों में खत्म होने वाली है। निर्यातक समूहों ने छत्तीसगढ़ के लेंड लॉक राज्य होने की बात कहते हुए निर्यातक इकाईयों को परिवहन के लिए भी रियायत देने की मांग की। कुछ निर्यातक समूहों ने प्रोसेसिंग प्लांटों के आधुनिकीकरण के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग कार्यक्रम में की।

**नौकरी नहीं तो वोट नहीं**

## प्रेरक कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रेरक कर्मचारियों ((ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता के लिए लोगों को पढ़ाने वाले) ने नौकरी की मांग करते हुए बूढ़ा तालाब धरना स्थल पहुंचकर राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना देते हुए प्रदर्शन किया।

इस दौरान महानदी के पानी को हाथ में लेकर सौगंध खाई कि यदि राज्य सरकार उन्हें नौकरी नहीं देगी तो आने वाले चुनाव में कांग्रेस को वोट नहीं देंगे।

### नौकरी के बाद ही कांग्रेस को वोट

आंदोलन के बीच प्रेरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने पानी लेकर सामूहिक रूप से सभी प्रेरक संघ के लोगों को कसम दिलाई कि नौकरी के बाद ही कांग्रेस को वोट देंगे। अपनी मांग को दोहराते हुए कहा की सरकार को जल्द से जल्द प्रेरकों को शिक्षा और पंचायत विभाग में नौकरी, अन्य सरकारी विभागों की नौकरी में प्रेरकों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए।

दरअसल ये मांग साल 2018 के पहले से उठ रही है। चुनावी साल के पहले कांग्रेस ने इनसे नौकरी देने का वादा किया था, जोकि अब तक अधूरा है। अब फिर एक बार प्रेरक कर्मचारी पूरे प्रदेश में आंदोलन के जरिए मांगें मनवाने की कोशिश में हैं।

### बड़े आंदोलन की चेतावनी

इस प्रदर्शन में प्रेरक कर्मचारियों ने अपनी मांग रखते हुए प्रशासन को ज्ञापन दिया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनके नौकरी पर सरकार का फैसला जल्द नहीं होता तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ 31 मार्च 2018 से अब तक प्रेरकों को 2500 रुपए प्रति माह के हिसाब से बेरोजगारी भत्ता मिले।

# लोन के नाम पर 26 लाख की ठगी

**रायपुर/नवप्रदेश।** भिलाई स्टील प्लांट में लाइजनिंग का काम करने वाले एक कर्मचारी के साथ लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। लोन दिलाने के नाम पर पहले तो एक अज्ञात फोन कालर ने महमूद को झांसे में लिया। फिर किस्तों में करीब 26 लाख रुपये जमा करा लिए। महमूद की शिकायत पर पुलिस ने फोन करने वाले अज्ञात शख्स के खिलाफधोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

### जानिए क्या है पूरा मामला

दरअसल, यह मामला रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। टिकरापारा निवासी महमूद अंसारी ने शिकायत दर्ज कराई है। महमूद भिलाई स्टील प्लांट में लाइजनिंग का काम करता है। उसके मोबाइल नंबर पर 16 फरवरी 2022 को एक फोन आया। फोन करने वाले ने सुजाता जैन सिटी फाइनेंस मुंबई का कस्टमर मैनेजर होना बताया। कंपनी के जरूरतमंदों को लोन देने की जानकारी भी दी। महमूद को 17 लाख रुपये लोन की जरूरत थी।

### ठग ने कई किस्तों में रुपये जमा करने बोला

महमूद अंसारी के सहमति देने पर लोन देने के लिए कागजात बनाने के लिए प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। ठग की बातों पर भरोसा कर महमूद अंसारी ने आधार कार्ड, पैन कार्ड, चेक बुक और एक फोटो व्हाट्सएप कर दिया। सबसे पहले 4 हजार रुपये प्रोसेसिंग फीस के लिए दिया। उसके बाद कई बार किस्तों में रुपये जमा करने बोला। कभी 20 हजार, कभी 15 हजार तो कभी 45 हजार। इस तरह अलग-अलग किस्तों पर कुल 25 लाख 86 हजार 681 रुपए जमा व ट्रांसफर किया, लेकिन लोन नहीं मिला। इसके बाद महमूद अंसारी ने थाना पहुंचकर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है।

### आरोपित के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज

तेलीबांधा थाना प्रभारी उमेंद टंडन ने बताया कि अज्ञान फोन धारक ने मुंबई की फाइनेंस कंपनी का हवाला देकर लोन दिलाने के नाम पर शिकायतकर्ता से ठगी की है। पुलिस बैंक अकाउंट और मोबाइल नंबर के जरिए आरोपित की पतासाजी में जुटी हुई है। पुलिस ने महमूद अंसारी की शिकायत के बाद धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### होली के बाद सराफा बाजार पर चढ़ा रंग, शहनाई बजने से पहले तेज हुई खरीदारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** होली के बाद बाजार में शादी की खरीदारी का सिलसिला शुरू हो चुका है। सराफा बाजार की रौनक भी तेजी से बढ़ने लगी है। शादी के मुहूर्त मार्च से जुलाई तक फिर नवंबर-दिसंबर में हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मुहूर्तों को देखते हुए पांच महीने बाजार के लिए बेहतर रहने वाले हैं। सराफा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी खरीदारी का असर देखा जा रहा है। वर्तमान में सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 56,500 रुपये और चांदी प्रति किलो पक्की 64,000 रुपये है। दोनों धातुओं के दाम पूर्व से गिर गए हैं। चांदी की कीमत में तो 20 दिनों के भीतर ही तीन हजार रुपये की कमी आई है। कीमती धातुओं की कीमतों में बीते वर्ष तेजी देखी गई थी, उसके मद्देनजर शादी के लिए लोगों ने पहले से ही गहने खरीदना शुरू कर दिया है। मई और जून में सबसे ज्यादा मुहूर्त हैं। मई महीने में शादियों के 13 और जून में 11 मुहूर्त हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि शादी की खरीदारी एक-दो माह पहले ही शुरू हो जाती है। इसलिए बाजार में मार्च और अप्रैल में विवाह मुहूर्त का बड़ा असर दिखेगा। हर जिले में हो हालमार्किंग सेंटर की स्थापना।

## अडानी समूह के फर्जीवाडे की संरक्षक मोदी सरकार : कांग्रेस

- मोदी, अडानी समूह के आर्थिक घपले बाजी की जांच से घबरा क्यों रहे है : मरकाम

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस ने अडानी समूह के फर्जीवाडे और धोखाधड़ी के संरक्षण का आरोप केन्द्र की मोदी सरकार पर लगाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के अडानी परस्ती वाली नीति के कारण ही अडानी समूह इतना बड़ा घोटाला करने में कामयाब रहा। जिसमें देश की सबसे विश्वसनीय वित्तीय संस्थाये एलआईसी और एसबीआई की शाखा भी खतरे में पड़ गयी है। देशव्यापी मांग और संसद में विपक्षी दल द्वारा लगातार किये गये मांग के बावजूद मोदी सरकार अडानी समूह की घपले बाजी की जांच करवाने को तैयार नहीं है। आखिर प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्र सरकार अडानी समूह के आर्थिक घपले बाजी की जांच से घबरा क्यों रहे है? उन्हें जांच से किसका चेहरा बेनकाब होने का डर सता रहा है?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि हिंडेनबर्ग खुलासे के लंबा समय बीत जाने के बावजूद अब तक ना कोई एफआईआर, ना किसी भी तरह की जांच का आदेश? आखिर मोदी सरकार मौन क्यों है? हिंडनबर्ग के रिपोर्ट में उजागर आर्थिक अनियमितता, मनी लांड्रिंग, ब्लैक मनी और विदेशों में फर्जी सेल कंपनियां बनाकर किए जा रहे हैं फर्जीवाड़े पर भाजपा और मोदी सरकार को भी भागीदार है। अडानी से भाजपा को सपोर्ट मिलता है, चुनाव लड़ने के लिए पैसा मिलता है और इसीलिए अडानी को बचाने उसके फर्जीवाड़े पर मोदी सरकार पर्दा डाल रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि आखिर सरकारी बैंकों से अडानी को अनुपातहीन लोन किस के दबाव में दिया गया? षड्यंत्र उजागर होने के बाद भी एलआईसी का पैसा क्यों दबाव पूर्वक अडानी की कंपनी में लगवाया जा रहा है? एलआईसी और एसबीआई देश की जनता का भरोसा है, जिसे षडयंत्र पूर्वक व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पूंजीपत मित्र पर लुटाया जा रहा है। लाखों करोड़ के मनी लांड्रिंग, ब्लैकमनी, विदेशों में फर्जी सेल कंपनी बनाकर अडानी की कंपनी में लगाने के तथ्य उजागर हुए हैं।

## मोर आवास, मोर अधिकार' पर कल विधानसभा का घेराव करेगी भाजपा

- राज्य सरकार पर छल करने का आरोप

**रायपुर/नवप्रदेश।** 'मोर आवास, मोर अधिकार' के मुद्दे को लेकर भाजपा 15 मार्च को विधानसभा का घेराव करेगी. भाजपा का आरोप है कि भूपेश सरकार ने 'मोर आवास, मोर अधिकार' के तहत बनने वाले मकानों का निर्माण रोक कर रखा है. केंद्र सरकार ने आवास के लिए पैसा तो भेजा, लेकिन राज्य सरकार ने वह पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचने दिया. भाजपा सरकार बनी तो 16 लाख गरीब परिवारों को आवास मुहैया कराया जाएगा।

अनियमित कर्मचारी सभा को लेकर केदार गुप्ता ने कहा कि 'झूठ बोलो और राज करो' झूठे संकल्प पत्र के आधार पर कांग्रेस सरकार सत्ता में आ गई है. 2018 में उन्होंने नियमितीकरण का वादा किया था, लेकिन अनियमित कर्मचारियों को नियमित नहीं किया. निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी ने धोखेबाजी की है, और 2023 में सब मिलकर कांग्रेस को अलविदा करेंगे।

कांग्रेस के 13 मार्च को राजभवन मार्च को लेकर कहा भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंत्रियों और अधिकारियों के ठिकानों पर ईडी और आईटी छापे पड़े हैं. छत्तीसगढ़ में इनको भी ऐसा लगता है, पूरे देश में वही चल रहा है. ईडी और आईटी से उबर नहीं पा रहे हैं. यह कहते हैं तो फिर कोर्ट उनको जमानत क्यों नहीं दे रहा है? आज तक जमानत नहीं हुई है. कांग्रेस की सरकार को अपनी चिंता करना चाहिए. देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवे स्थान पर मोदी जी ने पहुंचा दी है।

भाजपा में गुटबाजी को लेकर केदार गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कैडर बेस्ट पार्टी है. कार्यकर्ताओं के द्वारा चलती है, कार्यकर्ता ही से चलाते हैं. जहां तक कांग्रेस की बात, ढाई साल का बंटवारा हुआ था दिल्ली में मुख्यमंत्री पद का, वह भी नहीं हुआ. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यूज एंड थ्रो की राजनीति करते हैं।

## कंडरा परिवार को मिलना है 1500 सौ बांस सरकार दे रही 50 : बृजमोहन

- बांस के मुद्दे पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर को बृजमोहन ने घेरा।

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने बांस के समान जैसे सुपा, टोकनी, पर्रा आदि बनाने वाले रायपुर के 3000 बांसोड़ (कंडरा) परिवारों के जीवन यापन से जुड़ा मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते बांस के सामानों के पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े रायपुर जिले के 3000 से अधिक कंडरा परिवारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वन विभाग द्वारा खाता धारी कंडरा परिवार के लोगों को बांस उपलब्ध नहीं करा रही है इसलिए वे अपना पारंपरिक व्यवसाय छोड़ने मजबूर हैं। बार-बार गुहार लगाने के बाद भी शासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही।

कंडरा समाज के लोगों को विभाग द्वारा बही दी गई है जिसमें समाज के लोगों को 1 साल में 1500 बांस देने का प्रावधान है। परंतु पिछले 4 सालों से इन्हें इनके हक का बांस भी नही मिल रहा। बीते साल तो कई परिवारों को 50 बांस तक नहीं दिए गए।

उन्होंने कहा कि रायपुर में कंडरा समाज के 3000 परिवार निवासरत है लेकिन 750 को ही बही दी गई है। शेष परिवार लगातार बही प्रदान करने की मांग कर रहा है। परंतु सरकार उनकी मांग को नजरअंदाज कर रही है। इसी प्रकार कई परिवारों में मुखियाओं के निधन के बाद बही परिवार के सदस्य के नाम स्थानांतरित होना चाहिए परंतु यह कार्य भी नहीं हो रहा है।

कंडरा समाज के लोगों को आज ठेकेदारों से बांस खरीदना पड़ रहा है जिसकी कीमत कई गुना अधिक होती है। विभाग की लापरवाही के चलते यह समाज अपने पुश्तैनी धंधे को आगे बढ़ाने में नाकाम है और इनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या आ खड़ी हुई है।

इस ध्यानाकर्षण के जवाब में वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा की डीपो में उपलब्धता के आधार पर ही बास प्रदान किया जा रहा है। बहस के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि जितना मिलना चाहिए उतना बांस नहीं दिया जा रहा है। नया बही प्रदान किए जाने के संबंध में उन्होंने कहा की कुल 24 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए हैं जिस पर कार्यवाही की जा रही है। इस ध्यानाकर्षण सूचना की चर्चा में विधायक शिवरतन शर्मा और पुन्नूलाल मोहले ने भी हिस्सा लिया।

### राजभवन मार्च में शामिल हुए क्रेडा अध्यक्ष स्वर्णकार

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्र सरकार की अडानी परस्त नीति को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा राजभवन मार्च किया जा रहा है। इस मार्च में शामिल होने अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार भी शामिल हुए। इनके साथ प्रदेश स्तरीय नेताओं ने भी शिरकत किया।रायपुर में आयोजित राजभवन मार्च में सम्मिलित होने बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों का जमावड़ा रायपुर में हुआ है जोकि कांग्रेस भवन में सभा आयोजित कर मार्च दोपहर बाद राजभवन के लिए कुच करेगी। प्रदेश महामंत्री रवि घोष, पीसीसी डेलीगेट और क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार, इंद्रावती विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव शर्मा, दंतेवाड़ा अध्यक्ष अवधेश गौतम,जिला महामंत्री अब्दुल सईद, क्रेडा सदस्य कन्हैया लाल अग्रवाल , विजय साहू, प्रवक्ता धनंजय ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### जिपं सामान्य सभा की बैठक 20 को

**कोरिया/नवप्रदेश।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 20 मार्च 2023 को दोपहर 12.30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेंदाती तिवारी, जिला पंचायत सदस्य फूलमती सिंह, रविशंकर सिंह, दृगपाल सिंह, उषा सिंह, ज्योत्सना पुष्पेंद्र राजवाड़े, सुनीता कुर्रे, चुन्नी पैंकरा,वन्दना विजय राजवाड़े और सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में पालन प्रतिवेदन पर चर्चा, जिला पंचायत निधि पर चर्चा, 15 वां वित्त के कार्यो पर चर्चा तथा अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम घोषित

**कोरिया/नवप्रदेश।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित शालाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियो के अध्ययन हेतु निःशुल्क प्रवेश दिलाया जाता है।योजनांतर्गत जिले में वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जनजाति वर्ग में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 05 सीट एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 01 सीट निर्धारित है। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में आयोजित चयन परीक्षा दिनांक 12 मार्च 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। परीक्षा परिणाम को कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में यदि किसी को अपत्ति हो तो दिनांक 15 मार्च तक कार्यालय में उपस्थित होकर दावा अपत्ति प्रस्तुत कर सकते ।

### रोजगार दिवस में आधार प्रमाणीकरण की जुगत

**बीजापुर/नवप्रदेश।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम अंतर्गत जिले में 1 फरवरी से आधार आधारित भुगतान प्रणाली लागू करने के मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डेवलपमेंट, भारत सरकार के दिशानिर्देश के बाद कलेक्टर राजेंद्र कटारा की पहल से ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार एवं शिविर का आयोजन कर मनरेगा श्रमिकों के आधार कार्ड की छायाप्रति प्रमाणीकरण हेतु संकलित की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि साहू ने देते हुए बताया कि प्रत्येक माह के 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमें इस माह माह महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत आधार प्रमाणीकरण हेतु आधार कलेक्शन के कार्य को मिशन मोड में चावल उत्सव के साथ साथ किया जाने कहा गया ताकि एबीपीएस में कन्वर्ट कराकर अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। 7 मार्च को जिले की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजनान्तर्गत कुल 10 हजार से अधिक मजदूर कार्य किए। ग्रामीण जाबकार्ड धारी परिवारों को रोजगार दिवस के उपलक्ष्य में आधार सक्षम भुगतान प्रणाली से होने वाले फायदे को जानकारी विस्तृत रूप से समझाई गई।

### त्रिकुटा सेवा व कल्याण समिति ने लोगों की मदद की

**कोरबा/नवप्रदेश।** त्रिकुटा सेवा एवं कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा लगातार वनांचल में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों की मदद की जा रही है। मदद स्वरूप राशनए कपड़े दिए गए हैं। सेवा का यह कार्य 4.5 साल से किया जा रहा है। समिति का उद्देश्य अपनी जरूरतों को नजरअंदाज करते हुए किसी की मदद के लिए किया है। समिति का सेवा कार्य 5 साल पूरा हो गया है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मार्च में ओम फ्लैट में सफाई कर्मियों, बाई, गार्डो को कपड़ा, साड़ियां, पेंट शर्ट बांटा गया। मुख्य अतिथि के रूप में हितानंद अग्रवाल, हाजी इकबाल दयाल वर्मा, भूषण चंद्रा शामिल रहे। समिति के सदस्यों में प्रियंका, रमा, प्रिंसु, जयप्रकाश, दिव्या, सीमा पटवा ने सहयोग किया। समिति की अध्यक्ष शोभायात्रा के नेतृत्व में सेवा का कार्य किया गया।

### लापता वृद्ध का दादर नाले में मिला शव

**कोरबा/नवप्रदेश।** मानिकपुर क्षेत्र से लापता एक वृद्ध का शव 2 दिन बाद दादर नाला में मिला। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। शहर के मानिकपुर चौकी अंतर्गत मानिकपुर निवासी 64 वर्षीय पोनरू यादव 64 होली के दिन लापता हो गया थे। परिजन उनकी खोजबीन में जुटे थे, पर पता नहीं चल रहा था। शनिवार की शाम दादर नाला में लापता वृद्ध का शव मिला। दरअसल दादर निवासी एक युवक शनिवार की शाम अपने कुत्ते को सैर करा रहा था। कुत्ता सड़क से सूंघते हुए नाला के करीब पहुंचा। जहां युवक को शव दिखा। इसकी जानकारी डायल 112 को दी गई। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त लापता वृद्ध के परिजन ने की। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### असुरक्षित कार्यशैली बन रही दुर्घटनाओं की वजह

**कोरबा/नवप्रदेश।** राज्य बिजली उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी पॉवर प्लांट में सुरक्षा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों व श्रमिकों की असावधानी, असुरक्षित कार्यशैली और मानवीय चूक को संयंत्र में दुर्घटनाओं की वजह बताया।

सुरक्षा सप्ताह में शून्य दुर्घटनाओं के लक्ष्य को पाने सेफ्टी नियमों का पालन कर कार्य करने पर जोर दिया। दुर्घटनाओं को रोकने कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए स्लोगन व कविता के माध्यम से भी जानकारी दी। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समापन मौके पर मुख्य अतिथि एचटीपीपी संयंत्र के मुख्य अभियंता कमलेश डोंगरे ने सुरक्षित व बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारियों को निभाने अधिकारी-कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एके सिन्हा, हेमंत सिंह, एमके गुप्ता, पीके स्वेन, वरिष्ठ रसायनज्ञ के के कुरनाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### वन खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कांकेर/नवप्रदेश।** अखिल भारतीय 26वें वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचकुला हरियाणा में विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। कांकेर वन मंडल अंतर्गत कोरर उप वनमंडल में लिपिक पद पर पदस्थ सालिक राम साहू ने पावर लिफ्टिंग तथा वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 55 किलोग्राम वर्ग में 3 स्वर्ण पदक हासिल किये हैं। वहीं वनमंडल अंतर्गत कांकेर परिक्षेत्र में कार्यरत महिला वनरक्षक निरूपा सलाम ने भी पावर लिफ्टिंग तथा वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 63 किलो ग्राम वर्ग तथा 64 किलोग्राम वर्ग में एक स्वर्ण पदक तथा एक रजत पदक पर कब्जा किया है। वहीं कुमारी मंजूलता शोरी ने 45 किलोग्राम वर्ग तथा 47 किलोग्राम वर्ग में 02 स्वर्ण पदक जीतकर वनमंडल कांकेर का ही नहीं अपितु राज्य को भी गौरवान्वित किया है। महिला कर्मचारियों के द्वारा पावर लिफ्टिंग व वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सफल होने पर संपूर्ण वन अधिकारी व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

# सुकमा में 12 वर्ष में आयोजित होने वाले मेले को लेकर हुई बैठक

■ मेला का सफल संचालन के लिए समितियों के गठन को लेकर हुई चर्चा

**सुकमा/नवप्रदेश।** सुकमा राज मड़ई प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार युग परिवर्तन के साथ दंडकारण्य केंद्र बिंदु सुकमा में आदिम संस्कृति एवं आध्यात्मिक मनोभाव के साथ मनाया जाने वाला महामेला (मड़ाई) का आयोजन इस वर्ष 9 अप्रैल से 12 अप्रैल 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में विशेष आम सभा का बैठक सुकमा स्थित पदेशीन माता गुड़ी राजबाड़ा में आयोजित किया गया। वहीं मेले का आयोजन के लिए चंदा लेने से लेकर अन्य कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। वही यह मेला सुकमा स्थित बगीचापारा में आयोजित किया जाता था, लेकिन इस बार मेला का आयोजन स्थल राजवाड़ा मेला परिसर में किया जाएगा। इस दौरान विक्रम सिंह देव, केरलापाल मांझी कुरामी देवा, कोर्रा मांझी देवा सोड़ी, जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, नपा अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू, नपा उपाध्यक्ष आयशा हुसैन, पी बीचेम, धनीराम यादव, दुर्गा प्रसाद ठाकुर, ज्ञानसिंह ठाकुर, भुनेश्वरी यादव, मोहन सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, सुब्बा राव, विवेक यादव, रामदेव बघेल, लच्छूराम पोडियम, संजय सोड़ी, बहादुर सिंह ठाकुर, गांव के पेरमा, पुजारी, पटेल सहित बड़ी संख्या मेला समिति सदस्य व अन्य लोग शामिल हुए।जिसमें जिले भर के मेला आयोजन समिति से जुड़े सदस्य सहित आम जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मेला समिति के प्रमुख मनोज देव ने मेला आयोजन को लेकर समितियों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपने की बात प्रमुखता से रखी। उन्होंने 2011 में आयोजित मेला को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। पूर्व में मेला समितियों के सदस्य ने अपनी भूमिका किस प्रकार से निभाई थी। उन्होंने बताया कि मेला आयोजन को लेकर सभी समितियों को संगठित करना है, जिसमें संरक्षक मंडल, प्रबंधक कार्य समिति, सहलाकर समिति, पूजा-विधान निमंत्रण समिति, देवी-देवता स्वागत समिति, प्रशासनिक समिति, संग्रहण समिति, वित्त बजट समिति, संस्कृति समिति, प्रचार-प्रसार समिति का गठन कर समितियों के गठन कर तत्काल जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। उन्होंने इस मेले को भव्य रुप से आयोजन करने पर जोर देते हुए कहा कि इस मेले में पडोशी राज्य ओडिशा से लेकर अबूझमाड़ तक के देवी देवता में शामिल होंगे और इस मेले को भव्य रुप से मनाना है, इसकी भव्यता और विशालता पूरे क्षेत्र में देखने को मिले। उन्होंने कहा कि मेले में शामिल होने वाले सभी देवताओं को विधि-विधान से उनका स्वागत सत्कार एवं अतिथियों का स्वागत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से हो इसके लिए समिति के सामने विशेष रूप बात रखी। मेले में क्षेत्र के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों की आदिवासी संस्कृति भी इस मेले में शामिल हो। नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू ने कहा कि नगर पालिका के माध्यम से मेला आयोजन से जुड़े जो भी आवश्यक कार्य होगे। उसे नगर पालिका के द्वारा तत्काल किया जाएगा।

युवा नेता संजय सोड़ी ने मेला आयोजन को लेकर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि मेला आयोजन में हमारे क्षेत्र के युवा पीढ़ी को भी बढ़-चढ़कर शामिल हो। ताकि हमारे युवा पीढ़ी भी मेला आदि पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़कर अपना योगदान देकर इसका महत्व समझ सके। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मेले में अक्सर हुड़दंग एवं शरारती तत्वों द्वारा बदमाशी करने के मामले सामने आते हैं ऐसा ना हो। साथ ही नशे की हालत में होने के कारण सड़क दुर्घटनाएं भी होती है इसीलिए मैं सभी से अपील करता हूं कि यह मेला शांति पूर्वक एवं दुर्घटना रहित हो, ताकि मेले में आए लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े सकें।

## अत्याधुनिक जिम का उद्धघाटन

■ एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार के हाथो किया गया उद्धघाटन

**किरंदुल/नवप्रदेश।** स्वस्थ भारत अभियान के अन्तर्गत एनएमडीसी में फिट किरंदुल कार्यक्रम के तहत विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने किरंदुल प्रोजेक्ट में स्वस्थ किरंदुल के तहत परियोजना के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए जिम-वन (।) एवं जिम-टू (।।) का फीता काटकर उद्धघाटन किया।

अपने संबोधन मे एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्वस्थ किरंदुल, स्वस्थ एनएमडीसी है।

व्यायाम करने से शारीरिक स्वास्थ्यता के साथ-साथ मानसिक, बौद्धिक शक्ति की वृद्धि भी होती है। आज की भागमभाग जिंदगी में शरीर के लिए व?यायाम बहुत जरूरी है। उद्धघाटन समारोह में एस.बी.सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), बी.के.माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), एस.के.कोचर, महाप्रबंधक (खनन), एम.श्रीनिवास, महाप्रबंधक (संविदा), के.साजी,अध?यक्ष, एसकेएमएस यूनियन, ए.के.सिंह,सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, के.वीर प्रकाश, उप महाप्रबंधक (सामग्री), एच.के.गुणावत, उप महाप्रबंधक (विद्युत), सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक (प्रशि.सुरक्षा), अनिल कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन), डी.सिन्हा, समप्र (कार्मिक), सहित विभागाध?यक्ष, केआरसी-। एवं केआरसी-।। के सदस य, परियोजना खेल सलाहकार समिति के सदस्यगण और यूनियन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इन दोनों जिम्नेजियम में नई तकनीक के अत्याधुनिक वेटलिफ्टिंग के आयटम, वाकर, रनर, डम्मल्स, वेट प्लेटस इत्यादि रखे गए हैं। भविष्य में परियोजना स्थित सभी खेल मैदानों में खुले जिम का निर्माण भी किया जाएगा ।

## अनुभव के अदान – प्रदान से गरीबी उन्मूलन के गुर सीख रही महिलाएं

■ 18526 महिलाएं, 1960 एसएचजी समूह के 126 ग्राम संगठन का चल रहा वार्षिक अधिवेशन

**बीजापुर/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन अंतर्गत जिले में 1960 स्व सहायता समूहों का निर्माण हुआ है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र की कुल 18 हजार 5 सौ 26 महिलाएं जुड़कर वित्तीय लेन देन, वित्तीय बचत और अपनी आजिविका संवर्धन हेतु सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्य कर रही है। वार्षिक अधिवेशन के जरिए ये महिलाएं एक दूसरे के अनुभव, बैक लिंकेज से मिले ऋण, व्यापार करने के अपने तौर तरीके, और समूह से जुड़ने के फायदे को एक मंच पर बांट रही हैं। यह वार्षिक अधिवेशन ग्राम संगठनों द्वारा मार्च माह तक चलेगा।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत गोटाईगुड़ा में शिव सांई महिला संगठन से जुड़े स्व सहायता समूह की महिलाओं का वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने अनुभवों को बाटने के साथ वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में योजना से जुड़ने से लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिन परिवार की महिलाएं स्व सहायता समूह से नहीं जुड़े हैं उन्हें समूह में जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही मनरेगा योजनांतर्गत हितग्राहियों को आधार सीडिंग करवाने के बारे में तकनीकी सहायक प्रियंका टोप्पो के द्वारा समझाया गया। इसके अलावा मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन करने के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं का खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें रस्सी खींच, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ कराया गया, कार्यक्रम के समापन में खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## 5 नए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को शुरू करने की घोषणा

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल हो जाएंगे 15, इसमें 11 इंग्लिश तो 4 हिंदी मीडियम के

**कोरबा/नवप्रदेश।** जिले में लगातार गवर्नमेंट स्वामी आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़ायी जा रही है। इससे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी निजी स्कूलों की तर्ज पर अध्ययन अध्यापन की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा अभी जिले में चल रहे 6 अंग्रेजी माध्यम तो 4 हिंदी माध्यम के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को मिल रही हैए जबकि 5 नए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को शुरू करने की घोषणा प्रदेश सरकार ने शिक्षा बजट में कर दी है।

शिक्षा बजट में प्रदेश भर में कुल 101 स्वामी आत्मानंद शुरू करने की घोषणा ही नहीं की हैए वरन उनके सेटअप व राशि की भी मंजूरी दी गई है। इससे नए स्कूलों में स्थानीय व आसपास के मेधावी बच्चे दाखिला ले सकेंगे। सरकार ने इन सभी स्कूलों को नया लुक देने के साथ साथ फर्नीचर व वहां की जरूरतों को पूरा करने के लिए 25600 लाख रुपए की मंजूरी दी है। इस राशि से एक स्कूल में 253ण्47 लाख रुपए खर्च होंगे। कोरबा जिले के सभी पांचों स्कूलों में 1267 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। राशि कहां और किस मद में खर्च की जाएगी इसकी जानकारी जिला शिक्षा विभाग तय करेगा।

जिले में अभी 6 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का संचालन हो रहा है। जबकि 4 हिंदी माध्यम के स्कूलों की मंजूरी शासन से बीते साल ही मिल चुकी है। अंग्रेजी माध्यम में पंप हाउस स्कूल, हरदीबाजार, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, करतला व कटघोरा में हैं। जबकि हिन्दी माध्यम में एनसीडीसी सुभाष ब्लाक, ब्वायज हायर सेकेंडरी बालको के अलावा पसान व कोरबी स्कूल को शामिल है।

जिले के 5 नए स्वामी आत्मानंद स्कूल में इसी सत्र से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसलिए स्कूल की बिल्डिंग, डेस्क-टेबल सहित सारी सुविधाओं के इंतजाम जल्द ही कर लिए जाएंगे। शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू कर ली जाएगी। ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। बजट में प्रावधान के अनुसार कोरबा जिला में 5 नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलेंगे। ये गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल तिलकेजा, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जमनीपाली, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल कुसमुंडा, गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल दीपका व गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गोपाल के रूप में होंगे। यहां कक्षा 1 ली से 11वीं तक में एडमिशन नए सत्र से शुरू होगा।

बजट में स्वीकृत नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूलों में प्राचार्य समेत 25 स्टाफ नियुक्त किए जाएंगे। सेटअप के अनुसार प्राचार्य यथावत रहेंगे। जबकि शेष 24 पदों में 10 व्याख्याता, 4 शिक्षक, 1 कम्प्यूटर शिक्षक, 1 व्यायाम शिक्षक, 5 सहायक शिक्षक, 2 सहायक शिक्षक विज्ञान व 1 ग्रंथपाल की भर्ती की जाएगी।

### खाना ठंडा मिला तो मां बाप पर किया हमला

**कोरबा/नवप्रदेश।** दिनभर दोस्तों के साथ घूमने वाला एक युवक रात में घर लौटा, जहां खाना ठंडा होने पर उसने विवाद करते हुए मां-बाप को जान से मारने की धमकी देते हुए उसपर बसुला से हमला किया।

लेमरू थाना अंतर्गत-बड़गांव निवासी जगतराम कंवर का बेटा संतराम दिनभर गांव में दोस्तों के साथ घूमता रहता है। रात में घर लौटकर खाना खाकर सो जाता है। गुरुवार को भी वह दिनभर घूमने के बाद रात 9 बजे घर लौटा। तब तक जगतराम और उसकी पत्नी नामेश्वरी बाई खाना खाकर सो गए थे। संतराम खाने के लिए गया तो खाना ठंडा हो गया था। इस बात को लेकर वह गाली-गलौच करते हुए मां-बाप को जान से मारने की धमकी देने लगा। नामेश्वरी बाई ने इतने रात को आने पर खाना ठंडा नहीं होगा तो क्या गरम रहेगा कहा। इतना सुनते ही संतराम ने बसुला से नामेश्वरी बाई पर हमला कर दिया।

## कमाने के लिए दिल्ली गए युवक के पास मिले डेढ़ करोड़, जीआरपी की कार्रवाई

**कोरबा/नवप्रदेश।** कनकी के पास बैगापाली गांव से 3 साल पहले रिश्तेदारों के साथ कमाने-खाने के लिए दिल्ली गए एक युवक से यूपी के चंदौली स्टेशन में डेढ़ करोड़ रुपए बरामद हुआ है। युवक की संदिग्ध हरकत को देखकर जीआरपी ने उसे पकड़ा।

उरगा थाना अंतर्गत आने वाले कनकी के पास बैगापाली गांव है। जहां रहने वाला राजेश दास 34 अपने रिश्तेदारों के साथ कमाने-खाने के लिए 3 साल पहले दिल्ली गया। जहां वे रोजी-मजदूरी करते हैं। साल में कभी-कभार वे अपने गांव आते हैं बाकी समय दिल्ली में ही रहते हैं। राजेश दास को यूपी के चंदौली रेलवे स्टेशन में जीआरपी ने बैग में डेढ़ करोड़ रुपए ले जाते हुए पकड़ा। वह दिल्ली से उक्त रकम को लेकर ट्रेन में हावड़ा छोड़ने जा रहा था। तलाशी लेने पर रकम के संबंध में दस्तावेज तो नहीं मिला लेकिन एक टोकन मिला है। जिसमें चीनी कोड लिखा हुआ है। टोकन के आधार पर उसे हावड़ा में डिलीवरी देना था। लेकिन चंदौली रेलवे स्टेशन में ब्रम्हपुत्र ट्रेन में संदिग्ध यात्री होने की सूचना पर जीआरपी की चेकिंग चल रही थी। चेकिंग देखकर राजेश दास हड़बड़ा गया। वह चेकिंग से बचने के प्रयास करते हुए जवानों के नजर में आ गया।

जीआरपी के पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम व पता बताया। साथ ही यह भी बताया कि दिल्ली से उसे आशीष अग्रवाल सेठ ने उक्त रकम से भरा बैग दिया था। जिसे हावड़ा कोलकाता में छोड़ना था। बदले में उसे कमीशन मिलता। कनकी के पास बैगापाली गांव में राजेश दास के परिवार का खपरैल का मकान है। जहां उसकी मां अकेली निवासरत है। राजेश के साथ परिवार के सभी सदस्य दिल्ली में कमाने-खाने गए हैं। खेती के सीजन के अलावा बीच-बीच में कोई सदस्य आता है और राशन भरकर चला जाता है।

### ई-जनचौपाल में 40 आवेदन मिले

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी जा रही है तथा उसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने आज सोमवार को ई-जनचौपाल में लोगों की समस्या सुनी तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। आज सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में 40 आवेदन प्राप्त हुए। अंतागढ़ विकासखण्ड से 02, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 08, चारामा विकासखण्ड से 07, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 02 और कोयलीबेड़ा (पखांजूर) विकासखण्ड से 06 लोगों ने अपने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 15 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, पीएचई के प्रभारी कार्यपालन अभियंता वाय. के गुरु एवं विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता सतीश कुमार किण्डो भी मौजूद थे।

## विश्व ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन 18 तक

**कांकेर/नवप्रदेश।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 18 मार्च तक विश्व ग्लाकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में सिविल सर्जन डॉ. संजय बसाक अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सरिता कुमेटी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय उसेंडी, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एस.पी.एस. शांडिल्य की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय कांकेर में विश्व ग्लाकोमा सप्ताह का शुभारंभ कर ग्लोकोमा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ग्लोकोमा जागरूकता रथ द्वारा जन सामान्य को ग्लाकोमा (नेत्ररोग) की जानकारी, इसके बचाव एवं उपचार (आंखो के दबाव एवं पर्दा का जांच) की जानकारी दी जायेगी, जिसमें 40 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जायेगी एवं निःशुल्क प्रेसबायोपिक चश्मा का वितरण भी किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने ग्लाकोमा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि ग्लाकोमा एक (काला मोतिया) है, यह बीमारी ज्यादातर 40 वर्ष से अधिक उम्र वालों को होती है। ग्लाकोमा आंखों का रोग है, जो धीरे-धीरे आंखों की रोशनी छीन लेता है। इस बीमारी के लक्षण दृष्टि में धीरे-धीरे कमी आना, आंखों में लालिमा, अचानक दृष्टि का जाना, तीव्र दर्द, धुंधली दृष्टि, तेज रोशनी के चारों तरफ इंद्रधनुष रंग के गोले नजर आना तथा चश्मा नम्बर में लगातार बदलाव होना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खरे ने जिले वासियों से अपील किया है कि विश्व ग्लाकोमा सप्ताह में अपनी आंखों की जांच अवश्य करवाएं तथा अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठावें।

## न्यूज गैलरी

### होली मिलन समारोह में जिपं अध्यक्ष हुए शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। रंग पंचमी के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने होली मिलन समारोह रखा। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर एवं लोरमी छाया विधायक सोनू चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू, जनपद उपाध्यक्ष खुशबू आदित्य वैष्णव, लता रानी वैष्णव, हेमीन मंगेशकर, अशोक सोनवानी, नंद वैष्णव, तोरण खाण्डे एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका तथा महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

### कलेक्ट्रेट परिसर के सामने से बाइक पार

मुंगेली/नवप्रदेश। कॉल सेन्टर में काम करने वाले कर्मचारी की लॉक लगी हुई मोटर साइकिल को कलेक्ट्रेट परिसर के सामने से अज्ञात चोर ने पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 379 के तहत जुर्म दर्ज कर कार्यवाही कर रही है। पृथ्वी ग्रीन कालोनी निवासी फूलचंद वर्मा जिला स्तरीय हेल्प लाईन कॉल सेन्टर कलेक्ट्रेट मुंगेली में कार्यरत है। 3 मार्च को शाम लगभग 4 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 वाई 6314 टीवीएस स्टार सिटी 110 सीसी को कॉल सेन्टर कलेक्ट्रेट परिसर के सामने लॉक कर खड़ा कर अपने कक्ष में चला गया था। लगभग 7.30 बजे शाम में आकर देखा तो उसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 वाई 6314 खड़ी किए हुए स्थान पर नही था। उक्त मोटर सायकल को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। फूलचंद वर्मा ने मोटर सायकल को आसपास तलाश करने के बाद सिटी कोतवाली थाने में मोटर सायकल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफजुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

### नल में पानी नहीं आने पर विवाद, जुर्म दर्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। नल में पानी नहीं आने की बात पर ग्रामीणों में हुए विवाद के चलते मारपीट की घटना हुई। जिसमें एक महिला सहित पुरूष के सिर में चोट आई। ग्रामीण की रिपोर्ट पर लालपुर थाने में पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। मोहल्ले में लगे नल गर्मी आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या गहराने लगी। पेयजल को लेकर कई जगह आये दिन विवाद की स्थिति निर्मित होते जा रही है। जिले में जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव, घर-घर में नल पहुंचाने की योजना जमीनी स्तर पर नही पहुंच पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते आये दिन ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्राम पथरताल निवासी कृषक सेवन अंचल ने बताया कि मोहल्ले का सार्वजनिक नल पिछले 1 माह से खराब है।गांव के भानु की पत्नि हेमन बाई वार्ड पंच है। सुबह 9.10 बजे मैं अपने घर के बगल में बैठे भानु आहिरे को सार्वजनिक नल को बनवाने हेतु बोला। भानु आहिरे ने कहा कि मैं क्यों बनवाऊंगा कहकर गाली गलौच कर रहा था। जिसे मना करने पर वहीं बैठे गणेश भी गाली गलौच करने लगा। थोड़ी देर में भानु की मां पीनाक बाई एवं भाई राजू भी आकर गंदी गंदी गाली गलौच करने लगे।भानु आहिरे जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ में ईंट को लेकर मेरे सिर में मारा। जिससे चोंट लगकर खून निकलने लगा। मेरी पत्नि जानकी बाई मुझे छुड़ाने आई तो उसे भी भानु आहिरे हाथ में रखे ईंट से सिर, माथे के पास मारा जिससे चोंट लगा है एवं गणेश, पीनाक, राजू तीनों हाथ मुक्का से मुझे एवं मेरी पत्नि को मारपीट किये हैं। ग्रामीण सेवन अंचल ने थाना लालपुर में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

### चोरी के मोबाइल के साथ झारखंड के तीन गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चोरी के 31 मोबाइल के साथ सिविल लाइन पुलिस ने झारखंड के एक नाबालिग समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। नाबालिग और युवक झारखंड से आकर चांपा में किराए का मकान लेकर रहते थे। चांपा से वे ट्रेन से शहर आते थे। तीनों बाजारों में भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल पार करते थे। युवकों के कब्जे से जब्त मोबाइल की जानकारी जुटाई जा रही है। एसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन थाने के जवान गणेश चौक के पास फेरी वालों की जानकारी जुटा रहे थे। इसी दौरान एक युवक ने खरीदारी करने आए एक व्यक्ति का मोबाइल निकाल रहा था। सिविल लाइन थाने में पदस्थ आरक्षक विकास यादव ने इसे देख लिया। तत्काल मोबाइल को वापस कराने के बाद जवान युवक को थाने ले आए। यहां पूछताछ में युवक ने अपना नाम शेख मुल्कराज(22) निवासी मोतीजहार, तेलझरी जिला साहेबगंज झारखंड बताया। कड़ाई करने पर उसने अपने साथी शेख बादल(22) निवासी मोतीजहार, तेलझरी जिला साहेबगंज झारखंड व एक नाबालिग के साथ चांपा में किराए का मकान लेकर रहना बताया। तीनों ट्रेन से आकर शहर के बाजारों में महंगे मोबाइल पार करते थे। चोरी की घटना को अंजाम देकर तीनों चांपा लौट जाते। उनके कब्जे से 31 मोबाइल जब्त किया गया है।

#### झारखंड में खपाते थे मोबाइल

चोरी के मोबाइल के साथ पकड़े गए युवकों ने बताया कि बाजार में मोबाइल पार करते ही उसे दूसरे साथी को थमा देते थे। इसी तरह से एक दूसरे को मोबाइल देकर वहां से गायब हो जाते थे। चोरी के मोबाइल को तीनों झारखंड के साहेबगंज में लेकर खपाते थे। पुलिस मोबाइल के ईएमआइ नंबर के आधार उसके मालिकों की पहचान करने में जुटी है।

### भू- विस्थापितों ने चार घंटे बंद रखी खदान

कोरबा/नवप्रदेश। खदान से प्रभावित परिवारों के रोजगार, बसाहट, मुआवजा तथा भू-विस्थापित परिवारों को ठेका कार्य में 20 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से जुड़ी आठ सूत्रीय मांगों को भू-विस्थापितों ने सराईपाली परियोजना का काम बंद कर दिया। चार घंटा चले आंदोलन के बाद प्रबंधन ने प्रस्ताव मुख्यालय भेजने की जानकारी दी। साथ ही सीएमडी स्तर पर वार्ता कराने का आश्वासन दिया, तब प्रभावितों ने आंदोलन स्थगित किया। उर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति बुड़बुड़ ग्राम इकाई समिति के नेतृत्व में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) कोरबा परियोजना के अंतर्गत सराईपाली बुड़बुड़ ओपन कास्ट कोयला खदान के प्रभावितों द्वारा आठ सूत्रीय मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा गया था। इस बीच कई बार वार्ता भी हुई और प्रबंधन ने सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। रविवार को खदान प्रभावित ग्रामीणों ने उर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति एकाएक खदान में उतर कर काम बंद करा दिया। समिति के इकाई अध्यक्ष चंदन सिंह बंजारा ने बताया कि प्रबंधन के आश्वासन और मांगो पर कार्रवाई में लेट लतीफी से नाराज ग्राम वासियों ने आंदोलन के रास्ता अपनाने मजबूर किया। एसईसीएल के दूसरे क्षेत्रों में जिन सुविधाओं को बहाल किया गया, उसे यहां भी लागू करने की मांग की जा रही है। एसईसीएल मुख्यालय से कहना है कि मेगा प्रोजेक्ट होने की वजह से दीपका कुसमुंडा व गेवरा के लिए विशेष पैकेज दिया जा रहा है। प्रबंधन के इस तर्क से ग्रामीण सहमत नही हैं। अगर यहां के भू-विस्थापितों के साथ न्याय नही किया गया तो आंदोलन का विस्तार होगा। आंदोलन की जानकारी मिलते ही परियोजना प्रबंधक व अन्य अधिकारी स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से चर्चा कर मुख्यालय स्तर पर ग्रामीणों की बैठक कराने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी मांग पर जल्द निर्णय लेने कहा। इसके बाद आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। आंदोलन की वजह से खदान में भारी वाहनों की आवाजाही थमी रही।

# शराब बना रहे दो युवक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर क्षेत्र के ग्राम जाली में रहने वाले युवक भट्टी लगाकर महुआ शराब बना रहे थे। इसी दौरान पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। जवानों ने दो युवकों के कब्जे से 150 लीटर शराब जब्त की है। आरोपित युवकों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

रतनपुर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जाली में रहने वाले संकेश मरावी(23) और मनीष जगत महुआ शराब बना रहे हैं। संकेश ने अपने घर में शराब बनाने के लिए भट्ठी लगाई है। वहीं, युवकों ने शराब को अपने बाड़ी में छुपा दी है। इस पर पुलिस ने गांव में दबिश दी। इस दौरान संकेश अपने घर में शराब बना रहा था। आरोपित युवकों के कब्जे से 150 लीटर शराब जब्त की गई। आरोपित युवकों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है।

#### ग्रामीणों ने किया था हमला

बीते साल आबकारी की टीम ने गांव में दबिश देकर कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की थी। टीम कार्रवाई के बाद लौट गई। वहीं, टीम के साथ गया शराब दुकान का कर्मचारी वहीं पर रुककर दूसरे वाहन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान दो युवकों ने शराब दुकान के कर्मचारी पर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हमला कर दिया। हमले में घायल ने इसकी शिकायत रतनपुर थाने में की।

#### कई लोगों के खिलाफहो चुकी है कार्रवाई

रतनपुर क्षेत्र के ग्राम जाली में कई लोग महुआ शराब बनाते हैं। पुलिस और आबकारी की टीम ने कई लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। इसके बाद भी कुछ लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। शनिवार की रात जवानों की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया। गांव वालों को समझाइश देकर टीम आरोपित युवकों को लेकर थाने आई।

# मेजबानी में हमारा जवाब नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। मेहमाननवाजी करने और उसी अंदाज में मेजबानी करने में शहरवासियों का कोई जवाब नहीं है। अतिथि देवो भवः की तर्ज पर निश्छल भाव से स्वागत सत्कार से लेकर आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़ते। रविवार को हिंदू स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा में शामिल संतों की टोली शहर पहुंची। रतनपुर से संत पदयात्रा करते कोनी पहुंचे। नगर के प्रवेश द्वार पर शहरवासियों ने पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत सत्कार किया। यह सिलसिला यहीं थमा नहीं।

पदयात्रा के शहर पहुंचते-पहुंचते और शहर पहुंचने के बाद 25 प्रमुख जगहों पर संतों के स्वागत में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। जहां तक नजर जा रही थी लोगों की भीड़ नजर आ रही थी। किसी के हाथ में फूल तो कोई श्रीफल लिए तो किसी के हाथ में आरती की थाली। जिन सड़कों से संत गुजर रहे थे वहां शहरवासी फूलों की वर्षा के साथ ही आरती भी उतार रहे थे। गजब का दृश्य दिखाई दिया।

भाग्य खुलने-बंद होने का समयः दिल्ली दौरे से लौटते ही दाऊजी ने दिल्ली और मन की बात कही। उनका इतना कहना था कि राजधानी से लेकर न्यायधानी और जहां तक बात पहुंची चर्चा का दौर शुरू हो गया। कुर्सी में काबिज दिग्गजों की जहां धड़कनें बढ़ गई हैं वहीं संभावनाएं तलाशने वालों की बांछे भी खिल गई है। दोनों का अपना-अपना अलग कारण है। पहले वाले को लग रहा है कि सत्ता की चासनी में डूबी उंगलियों को अब निकालने का दिन आ रहा है। जाहिर है कुर्सी ही नहीं रहेगी तो चासनी कहां मिलेगी? साढ़े चार साल से इंतजार करते-करते थक रहे दावेदार एक बार फिर अपने आपको दुरुस्त करने में लगे हुए हैं।

# हवा की दिशा में परिवर्तन, तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस

बिलासपुर/नवप्रदेश। सूर्य का तेवर दिखाई देने लगा है। वातावरण में गर्मी बढ़ रही है। दिन व रात के तापमान में वृद्धि हुई है। इस बीच आसमान में बादलों की हलचल भी हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि गर्मी के बीच बादल रुकावट डाल सकते हैं। 15 से 18 मार्च के बीच हल्की वर्षा की संभावना बन रही है।

मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा. एचपी चंद्रा के मुताबिक हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम की ओर होने की संभावना है। प्रदेश में अभी मौसम शुष्क बना हुआ है। पूरे प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। किंतु आगे वृद्धि का क्रम जारी रह सकता है। इधर, बिलासपुर शहर में गर्मी बढ़ने लगी है। रविवार को सूर्योदय के बाद से धूप का असर तेज था। इसके कारण वातावरण में गर्मी के साथ उमस का भी अहसास हुआ। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

मौसम विभाग की मानें तो 15 मार्च से मौसम में आंशिक बदलाव संभावित है। मौसम विशेषज्ञ सिराज खान की मानें तो 15 से 18 मार्च तक आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी है। तापमान में कोई खास परिवर्तन की संभावना नहीं है। पहाड़ी क्षेत्रों में भी यही स्थिति रहेगी। फिलहाल तापमान बढ़ने से लोग चिंता में है। मौसम विभाग ने मार्च में अधिक गर्मी पड़ने संभावना व्यक्त की है। यदि ऐसा हुआ तो स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ेगा।

#### जल बचाने अपील

गर्मी को देखते हुए शहर के कई सामाजिक संगठन जल बचाने की अपील कर रहे हैं। इंटरनेट मीडिया और बाजार हाट में जाकर लोगों से पानी बर्बाद न करने की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा घर के आंगन में पशु-पक्षियों के लिए टब में पानी रख रहे हैं। जल संरक्षण को लेकर स्कूल से लेकर कालेजों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि गर्मी बढ़ने पर परेशानी न हो।

# अवैध कब्जा हटाकर मूल खातेदारों को कराए वापस

कोरबा/नवप्रदेश। सुराकछार बलगी उपक्षेत्र में एसईसीएल द्वारा अर्जित जमीन पर बाहरी तत्वों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने उपक्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंप बेजा कब्जा हटाने और मूल खातेदारों को उनकी जमीन का मालिकाना हक वापस करने की मांग रखी। प्रबंधन ने कब्जाधारियों को 72 घंटे में जगह खाली करने का नोटिस जारी करते कहा कि जमीन खाली करा सार्वजनिक उपयोग के लिए ग्रामीणों के सुपुर्द किया जाएगा। वर्ष 1962 में कोल बेयरिंग एक्ट 1957 के प्रावधान के तहत 17 ग्रामों की 7080.93 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इसमें भैरोताल की जमीन पर सुराकछार भूमिगत खदान खोली गई थी, जो अब बंद होने के कगार पर है। भूमिगत खदान होने के कारण उपरी सतह पर एसईसीएल की भौतिक कब्जा नही है। लंबे समय से मूल खातेदारों की ओर से अपनी जमीन वापसी की लड़ाई लड़ी जा रही है, इसके लिए कानूनी रूप से संशोधन की मांग भी हो रहा है।

# किचन की खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने जेवर और नकदी की पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला के नंद विहार में रहने वाला युवक मकान बंद कर ड्यूटी पर गया था। इस दौरान किचन की खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने आलमारी से चांदी के जेवर और पांच हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

मंगला के नंद विहार में रहने वाले सारंग पाणी मिश्रा पुराना बस स्टैंड के पास निजी संस्थान में काम करते हैं। वे अपने चाचा पीपी मिश्रा के घर में रहते हैं। उनके चाचा परिवार के साथ रायपुर में रह रहे हैं। शनिवार की शाम सात बजे सारंग अपनी ड्यूटी पर चले गए। रात करीब नौ बजे वे घर आए। इस दौरान उनके किचन की खिड़की टूटी थी। खिड़की तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे में रखे आलमारी का

लाकर तोड़ दिया था। लाकर में रखी घड़ियां, चांदी के जेवर और पांच हजार रुपये चोरों ने पार कर दिया था। युवक ने अपने चाचा को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने सिविल लाइन थाने में चोरी की शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

चोरी की शिकायत मिलने पर पहुंचे सारंग ने बताया कि उनके चाचा रायपुर में रह रहे हैं। आलमारी में क्या सामान था इसकी जानकारी उनके चाचा को ही है। उनके आने पर चोरी के और भी सामान की जानकारी मिल सकेगी।

# सौर सुजला योजना से किसानों की बढ़ी आय

- बिजली की हो रही बचत, सोलर पम्प से सींच रहे खेत
- खेती-किसानी में मिली सहूलियत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की सौर सुजला योजना का लाभ ले रहे बिल्हा ब्लॉक के लिम्हा गांव के किसान श्री तिरथ राम अब बेहद खुश है। योजना के तहत मिली सोलर पम्प के माध्यम से अपने खेतों में धान के अलावा फसल चना, गेहूं व मसूर की खेती कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे है। श्री तिरथ राम ने बताया कि शासन से मिले सोलर पम्प द्वारा पूरे दिन आसानी से सिंचाई हो जाती है। बिजली बिल की चिंता से अब पूरी तरह से मुक्ति मिल गई है। निरंतर पानी की सुविधा मिलने से उत्साहित होकर अब वे धान के साथ-साथ गेहूं, चना, मसूर जैसी फसलों की तरफभी रूचि दिखा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि क्रेडा द्वारा जिले में अब तक कुल 1714 पम्प स्थापित किये जा चुके है। जिसमें विकासखण्ड बिल्हा में 309, तखतपुर में 475, मस्तूरी में 704 एवं कोटा में 226 किसानों के खेतों में पम्पों की स्थापना की गई है। राज्य शासन द्वारा संचालित सौर सुजला योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है। सोलर पम्प के उपयोग से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भूजल के संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है। सोलर पम्प स्थापना से किसानों की आय में दोगुनी बढ़ोत्तरी हो रही है, जिससे किसान भी सोलर पम्प के लिए रूचि दिखा रहे है। छत्तीसगढ़ शासन की सौर सुजला योजना किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है।

# सायकल का उपयोग करना आज की जरूरत : राहुल देव

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में 2540 किलोमीटर सायकल चला कर नशा मुक्ति, महंगाई से निजात व सायकल चलाने के लिए प्रेरणा देने के उद्देश्यों को लेकर शासकीय प्राथमिक शाला सल्फा , वि. ख. पथरिया, जिला मुंगेली में पदस्थ सहायक शिक्षक संतोष गुप्ता सायकल यात्रा पर आज कलेक्टर कार्यालय से रवाना हुए। संतोष गुप्ता के सायकल यात्रा को हरीझंडी दिखाकर रवाना करते हुए कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि हम सब को प्रतिदिन चलाना चाहिए जिससे हम नशे

और बीमारियों से दूर रहने के साथ साथ प्रदूषण नियंत्रण भी कर सकते है। जनप्रतिनिधि घनश्याम वर्मा ने कहा कि शिक्षक के द्वारा समाज को सदैव प्रेरणा दिया जाता है जिससे समाज का भला हो आज संतोष गुप्ता ने सायकल चलाने के लिए सबको प्रेरित किया है यह हमारे युवाओं और बच्चों को मोबाइल की लत से निजात दिलाने के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। इस अवसर पर एडीएम तीर्थराज अग्रवाल, जिला खेल अधिकारीसंजय पाल, जिला शिक्षाधिकारी सविता राजपूत, कार्यालय अधीक्षक अशोक सोनी, परिजन-रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, सावित्री गुप्ता, सूर्यकांतगुप्ता, विजयलक्ष्मीगुप्ता, आर्यनगुप्ता, आर्यागुप्ता, शिक्षक-बलजीतसिंह, कांत, ममता दर्शन, जावेद खान, प्रफुल्ल पांडेय, अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

### भौतिक व भूगोल परीक्षा में 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित

कोरबा/नवप्रदेश। शनिवार को बोर्ड परीक्षा के कक्षा बारहवीं में कला व विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने भूगोल व भौतिक विषय का पर्चा हल किया। दोनों ही विषय में पंजीकृत 9,409 में 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा आयोजन के 11 वें दिन भी नकल प्रकरण निरंक रहा। परीक्षा आयोजन में पारदर्शिता और नकल प्रकरण को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने पांच उड़न दस्ता टीम का गठन किया है। भौतिक और भूगोल की परीक्षा के दौरान टीम ने 22 केंद्रों का निरीक्षण किया। इनमें नोनबिरा, गुरसियां, माखनपुर, बोतली, रामपुर, सेंद्रीपाली व भैसमा आदि स्कूल शामिल थे।

# केशरवानी समाज की महिलाओं ने मनाई रंग पंचमी

मुंगेली/नवप्रदेश। केशरवानी महिला समिति ने राधाकृष्ण मंदिर में सामाजिक महिला सदस्यों के साथ प्रेम और सौहार्द के साथ फूलो और रंग गुलाल उड़ाते हुए भजन और फाग गाया।

रंगपंचमी के दिन प्रभु श्रीकृष्ण ने राधारानी के साथ होली खेली थी। इसी वजह से इस दिन विधि-विधान से राधा-कृष्ण की पूजा करने के बाद गुलाल आदि अर्पित करके खेला जाता है।दूसरी पौराणिक कथा के मुताबिक,होलाष्टक के दिन महादेव ने कामदेव को भस्म कर दिया था जिसकी वजह से देवलोक में सब दुखी

थे मगर देवी रति और देवताओं की प्रार्थना पर कामदेव को दोबारा जीवित कर देने का आश्वासन भगवान महादेव ने दिया तो सभी देवी-देवता प्रसन्न हो गए और रंगोत्सव मनाने लगे।इसके बाद से ही पंचमी तिथि को रंगपंचमी का त्योहार मनाया जाने लगा। केशरवानी समाज की महिलाओं ने रंग पंचमी के दिन अबीर-गुलाल के साथ प्रभु श्रीकृष्ण, श्रीराम और प्रभु श्रीविष्णु को पीला रंग अर्पित कर रंग पंचमी मनायी। भगवान को पीले रंग के वस्त्र पहनाए गए। कार्यक्रम के समापन में उपस्थित महिलाओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# संत समागम में पहुंचे 57 संत, जय श्रीराम के नारे गूंजे

बिलासपुर/नवप्रदेश। रविवार को सुबह की किरण नया संदेश लेकर आई। बिलासा की धरा पर संतों का आगमन हुआ। शहर के प्रवेश द्वार कोनी में विश्व हिंदू परिषद व सहयोगी संगठनों के अलावा सनातनी, शहरवासियों व ग्रामीणों ने पारंपरिक अंदाज में स्वागत सत्कार किया। लोगों में उत्साह ऐसा कि संतों पर पहले फूलों की वर्षा की फिर आरती उतारी और श्रीफल भेंट किया।

भाव ऐसा कि देवालय में पूजा-अर्चना हो रही है। शंख, घंटी व घड़ियाल भी बज उठे। लोगों ने दोनों हाथ उठाकर जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाए। संतों के श्रीचरणों पर अपना सिर झुकाकर आशीर्वाद ग्रहण किया। मुक्तभाव से संतों ने आशीर्वाद भी दिया। स्वागत सत्कार की परंपरा के बाद संत बिलासा की धरा की ओर अपने कदम बढ़ाए। जैसे-जैसे संतों

के कदम आगे बढ़ रहे थे उसी अंदाज में शहरवासी जय श्रीराम के जय घोष के साथ उनका स्वागत कर रहे थे।

सुबह के वक्त मां महामाया की नगरी रतनपुर का माहौल नाम के अनुरूप पूरी तरह धार्मिक हो गया था। रतनपुर स्थित मां महामाया के मंदिर से लेकर संतों के आश्रम तक लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। संतों को विदा करते वक्त रतनपुरवासियों की आंखें नम हो गई थीं। संतों ने जैसे ही विदा लिया आंखों से आंसू भी बहने लगा था। लोग मुश्किल से अपने आप पर काबू पाए। विदाई की परंपरा के बाद लोग चुपचाप अपने घरों की ओर रवाना हो गए। पदयात्रा करते संत दोपहर के वक्त बिलासपुर पहुंचे। यहां शहर के प्रवेश द्वार पर अद्भुत स्वागत हुआ।

संस्कार भवन में विश्राम के बाद शाम चार बजे शोभायात्रा निकली। पहले संस्कार भवन के सामने और मुख्य मार्ग के किनारे-किनारे लोगों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई थी। लोग तैयार होकर पहुंचने लगे थे। लोगों के चेहरे की मुस्कान बता रही थी कि आज का दिन खास है। तय समयानुसार ठीक चार बजे शोभायात्रा प्रारंभ हुई। संत लालबहादुर शास्त्री स्कूल परिसर के लिए रवाना हुए। जैसे ही संतों की यात्रा शास्त्री स्कूल के लिए प्रारंभ हुई जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से आसमान गूंज उठा। शास्त्री स्कूल पहुंचते तक यह जयघोष अनवरत जारी रहा। शहरवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

#### मनोरम झांकियों ने मोहा मन

शोभायात्रा में मनोरम झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। जहां से भी झांकी गुजरी लोगों की नजरें उन पर टिकी रही। आकर्षक के केंद्र में बनी रही। राम दरबार की झांकी में भगवान राम-सीता और रामभक्त हनुमान की मनोरम झांकी निकाली गई थी। इसके आगे-आगे हनुमानजी की अलग से झांकी निकाली गई थी। झांकी के आगे-आगे रामधुन की टोली श्रीराम जय राम जय जय राम गाते चल रही थी। उत्साह और भक्ति का गजब का नजारा दिखाई दे रहा था। जहां से भी यात्रा गुजरी शहरवासियों ने श्रद्धा के साथ संतों का स्वागत सत्कार किया।

#### फूलों की हुई वर्षा, उतारी आरती

यात्रा जैसे ही सिम्स चौक के पास पहुंची सड़क के दोनों किनारे खड़े शहरवासियों ने जमकर स्वागत किया। महिलाएं पहले से ही आरती की थाली सजाए इंतजार करती खड़ी हुई थीं। संतों के आगमन के दौरान महिलाओं ने आरती उतारी और श्रीफल भेंट किया। शहरवासी अपने घरों की छत से फूलों की वर्षा करते रहे। सदरबाजार से गोलबाजार तक लोगों ने जमकर फूलों की वर्षा की।

## न्यूज गैलरी

### भाजपा अजजा मोर्चा जिला कार्यसमिति ने बनाई रणनीति

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** प्रदेश में आठ के बाद चुनाव होने वाली जिसे लेकर भाजपा अपनी रणनीति बनाने में जुट गई है प्रदेश चुनाव के मद्देनजर आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर भाजपा ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक अटल सदन में रखी गई जिसमे भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सुश्री लता उसेण्डी जी उपस्थित रही ! इस दौरान उन्होंने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कार्यसमिति के पद्दाधिकारियो व् कार्यकर्ताओ को बूथ स्तर तक मजबूत करने की सलाह दी एवं कार्यकर्ताओ को आगामी कार्य योजनाओ को विस्तार पूर्वक बताया कहा कि सरकार कि योजनाये आम जनता तक नही पहुच रही एसरकार कि नाकामी को जनता समझ चुकी है! प्रदेश में तानाशाही भ्रष्टाचार की बोलबालाहै एजनता इन चार साल में कांग्रेस सरकार को समझ चुकी है इस लिए सरकार के नाकामियों को पार्टी के कार्यकर्ता आम जनता तक पहुचाये ! बैठक में पूर्व विधायक सेवकराम नेताम एभाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोराएसंगीता पोयामएसंजू पोयामएहरिशंकर नेतामएसुखलाल मरकामएबंटी नागएसंतोष उइकेएबालसिंह बघेलएबैजूराम नेतामएधंजू मरकामएआसमान सोरीएसहित अनेक कार्यकर्तागण उपस्तिथ रहे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**कोंडागांव/नवप्रदेश।** जिला स्तरीय बाल संरक्षण समिति द्वारा बाल अधिकारी एवं उनके संरक्षण पर एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन विकासखण्ड माकड़ी में जनपद पंचायत माकड़ी सभा कक्ष में आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोती बाई एवं उपाध्यक्ष गौतम साहू द्वारा किया गया। जहां उन्होने ग्रामीणों को बाल विवाह एवं बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। जहां जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी द्वारा बाल सरंक्षण के संबंध बालको के संशोधित आधीनियमए पुर्नवास प्रकियाए रोजगार पलायनए बाल कल्याण समिति के सदस्य रीता चालकी ने पोक्सोए बाल विवाह जयदीप नाथ के द्वारा दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पोषण देखरेख आफ्टर केयरए पास्टर केयरए सड़क जैसे परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिकेत साहूए नायब तहसीलदार आवडेए बीआरसी ताहीर खानए परियोजना अधिकारी माकड़ी संजय पोटाईए संरक्षण अधिकारी गजेंद्र पटेलए जयदीप नाथए उमेश कुमार मरापीए वेदप्रकाश महावीरए चाइल्ड लाइन के राकेश चक्रधारीए पुलिस विभागए शिक्षा विभागए स्वास्थ्य विभागए महिला बाल विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आकर ग्रामीण व आमजन कलेक्टर को बेझिझक बता रहें अपनी समस्याएं

**जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए आमनागरिकों की विभिन्न शिकायत, समस्या एवं मांग से संबंधित प्राप्त विभिन्न आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनी। जनदर्शन में आए ग्रामीण व आमजन कलेक्टर के सामने अपनी मांग व समस्याओं से जुड़े आवेदन को बेझिझक रख रहें है। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आज जनदर्शन में पामगढ़ तहसील के कृपाराम सूर्यवंशी द्वारा कब्जा हटाने की मांग, ग्राम कुरदा निवासी अशोक सिदार, कृष्णकुमार, परमेश्वर द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जाधारी व्यक्तियों के द्वारा अपने निजी मकानों के सामने गंदा पानी बहाने की शिकायत, ग्राम मेहंदी निवासी चित्र कुमार खूंटे के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम परिवहन योजना अंतर्गत लोडिंग वाहन खरीदने हेतु बैंक से लोन उपलब्ध कराने, तहसील अकलतरा के ग्राम सुवरमाल निवासी लीलाबाई द्वारा पट्टा दिलाने, अर्जुन खण्डेय द्वारा पट्टा दिलाने, ग्राम मिसदा निवासी गोसाराम द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण और कर्मचारी नियुक्त करने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिस पर कलेक्टर द्वारा त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# रायगढ़ की समाजसेवी महिलाओं का स्व. सुषमा स्वराज अवार्ड से सम्मान

**रायगढ़/नवप्रदेश।** आज जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा रायगढ़ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की समाजसेवी महिलाओं को उनकी उपलब्धि एवम कोरोना काल में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रखर वक्ता एवम पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ! विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों का परीक्षण के उपलक्ष में यह उत्सव मनाया जाता है नारी शब्द जिसे पूरी दुनिया समाई हुई है एक बेटी एक बहू एक मां एक दादी पूरा परिवार एक जॉब से एक अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी एक न एक शिक्षिका ऑटो चालक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साहिका न्यूज़ रिपोर्टर पायलट खिलाड़ी पूरा समाज महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिला शक्ति सहित गति इसी उद्देश्य के साथ आज भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत के निर्देशानुसार रायगढ़ भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती शोभा शर्मा के नेतृत्व में आज का कार्यक्रम रखा गया प्रोग्राम में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं को इन शब्दों के साथ कि बिजली चमकती है तो आकाश बदल देती है आंधी उठती है तो दिन-रात बदल देती है जब गरजती है नारी शक्ति तो इतिहास बदल देती है , सम्मानित महिलाए संध्या पांडेय, शांति रात्रे,श्रीमती रोहिणी पटनायक, आरती नंदे, अंजना सिंह चौहान,आशा त्रिपाठी, सिमरन पांगरे, अनीता कपूर,मंजू मिश्रा, किरण राव, ,संगीता यादव, सुशीला साहू, अनीता पटेल, सुनीता देवांगन, गंगोत्री मानिकपुरी ,कविता बेरीवाल इनको सम्मान किया गया, आज के इस गरिमामयी कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरुपाल सिंह भल्ला, विवेक रंजन सिन्हा,वरिष्ठ नेता सुभाष पाण्डेय,पूर्व संसदीय सचिव सुनीता राठिया,महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुषमा खलखो, जिला मंत्री रत्तू लाल गुप्ता,वरिष्ठ नेत्री शीला तिवारी,महिला मोर्चा जिला प्रभारी मंजुलता नायक,नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी,जिला पंचायत सदस्य गोपिका गुप्ता,महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती गीतांजलि पटनायक,श्रीमती आरती सिंह, बीना चौहथा, जिला उपाध्यक्ष अनुषा कातोरे, सहित जिला महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारी गण एवं विभिन्न मंडलों से आए हुए बहनों अधिक संख्या में उपस्थित रहे, आज के कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री वीणा विश्वास एवम जिला उपाध्यक्ष अनुषा कातोरे ने किया वही आभार प्रदर्शन प्रभारी मंजुलता नायक ने किया !

# कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे छविंद्र कर्मा

**■ प्रत्येक कार्यकर्ता कांग्रेस का सच्चा सिपाही-कर्मा**

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा गीदम में विकासखण्ड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलनआयोजित किया गया। सम्मेलन में विधायक देवती महेंद्र कर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य छविंद्र कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व जिपं सदस्य सुलोचन कर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विमल सुराना , नपा अध्यक्ष साक्षी रविश सुराना मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरआत राज्यगीत से की गई। सम्मेलन में विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने कार्यकताओ से प्रदेश की भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील करते कहा कि भूपेश सरकार हर वर्ग के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा ने सम्मेलन को सम्बोधित करते कहा कि भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी विकास कार्यों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सब की है। ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिल सके। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार ने कई योजनाएं लागू कर रही है। इसका लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंच रही है या नहीं, इसकी भी जानकारी लेकर उन तक जनकल्याणकारी कार्यों को पहुंचाना है। छविंद्र कर्मा ने कार्यकर्ताओं को सच्चा सिपाही बताते कहा कि आप कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हो। कांग्रेस पार्टी बहुत बड़ा परिवार है और हमारा हर कार्यकर्ता मजबूत है। जोन, सेक्टर व बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि हमे आने वाले चुनाव के लिए अभी से तैयार हो जाना चाहिए। सम्मेलन को जिपं अध्यक्ष तूलिका कर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व जिपं सदस्य सुलोचन कर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विमल सुराना व अन्य कांग्रेसियों ने सम्बोधित किया।

सम्मेलन में पार्टी को कैसे मजबूत करना है इस पर चर्चा किया गया। साथ ही प्रदेश में भूपेश सरकार की चार साल के विकास कार्यों का विस्तार से बताया गया। इन चार सालों में किये गए जनकल्याणकारी विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हर कार्यकर्ता को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान जवाहर सुराना, कमलोचन सेठिया, रविश सुराना, रामनाथ राठौर, बीजु कश्यप, मनकुराम लेकामी, संतु कुंजाम, अनिल कर्मा, सुरेश कर्मा, नाहरुराम कोवासी, प्रवीण राणा, उमेश कश्यप, मडडाराम वेक, जोगी नाग, लल्लू गुप्ता, शेख आसिफ रजा, विद्यानंद सेन, सावित्री साहू समेत गीदम ब्लाक के कांग्रेसी कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल थे।

### जवानों को ड्यूटी के दौरान गर्मी से राहत दिलाने वर्दी, जूता और वाटर बॉटल का किया वितरण

**दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश।** यातायात पुलिस के कर्मचारी लगातार हर मौसम में ड्यूटी करते आ रहे हैं। सर्दी, बारिश और गर्मी में भी यातायात पुलिस के जवान लगातार अपने पॉइंट्स पर ड्यूटी करने के साथ साथ, जिले में होने वाली विभिन्न कानून व्यवस्था/ मेला/ रैली आदि में यातायात को सुचारू रूप से सामान्य बनाए रखने हेतु मुस्तैद रहते हैं। आने वाले गर्मी के मौसम में लगातार तापमान में हो रही वृद्धि के चलते नगर के आम चौक-चौराहों पर ड्यूटी करने वाले यातायात के कर्मचारियों को गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आज जिला पुलिस कार्यालय में जवानों को कॉटन वर्दी, जूता और ठंडा पानी पीने हेतु वाटर बॉटल प्रदाय किया गया जो जवानों को गर्मी से बचने में सहायक होंगें। पुलिस अधीक्षक के हाथों वर्दी प्राप्त होने पर सभी कर्मचारियों के चेहरे जोश से भरपूर व खिले-खिले नजर आये। पुलिस अधीक्षक महोदय ने यातायात के जवानों को बधाईयां देते हुये पूरे उत्साह के साथ ड्यूटी करने तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु सजगता से ड्यूटी करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया।

### तुमड़ी बहार में मजदूरों के बीच प्रदेश अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन

**नगरी/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मेट संघ प्रान्तध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ यादव समाज जिला धमतरी के युवा अमृत सरोवर तालाब निर्माण एवं ग्राम पंचायत ठेन्ही के आश्रित ग्राम तुमड़ी बाहर ब्लॉक नगरी एवं ग्राम पंचायत भोथी डीह, मगर लोड ब्लॉक् मे धमतरी मेट संघ जिलाध्यक्ष गायक वाड के मार्गदर्शन मे बुजुर्ग श्यान जन के हाथो मे केक काट कर, बधाई एवं शुभकामनायें दिये, उसी नगरी ब्लॉक ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम तुमड़ी बाहर मे मनरेगा मजदूर एवं मेट साथी सरपंच पंच के जिसमें अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य मनरेगा एतेहासिक याद गार पल बनाये रखने के लिये, सभी मजदूरों को मिठाई बाटकर मजदूरों के साथ समय बिताया और कार्यरत मनरेगा मजदूर खुशी जाहिर करते हुये मजदूर, मेट साथी सरपंच ने बधाई देते हुये उज्ज्वल भविष्य कि कामना कि प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश वाशियो एवं ग्रामीण मनरेगा मेट मजदूर को आभार ब्यक्त करते हुये काहा कि मजदूरों को काम देना हमारा लक्छ है, इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से युवा सरपंच श्रीधन सोम,ग्राम पंचायत ठेन्ही रामस्वरूप मरकाम सरपंच छोटेगोबरा, पंच ईस्वरी बाई असकरण नाग, जीवन ओटी महेश ठाकुर,, रुपेश ध्रुव, राम कृष्णा नेताम ग्राम सभा अध्यक्ष,एवं मगरलोड ब्लॉक कार्य स्थल जिलाध्यक्ष गायक वाड भोथी डीह के साथ मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे,और जन्मदिन कि अवसर परसमाजिक संघठन के पदाधिकारियो बधाई का लगा कतार प्रदेश युवा संगठन के पदाधिकारी एवं बस्तर संभाग अध्यक्ष संतोष यादव,कोसरिया यादव सामाज पूर्व जिलाध्यक्ष नंद लाल यादव मैनपुर सर्कल से गेंदू यादव धमतरी दिया

संघठन के प्रति समर्पित डीके यादव प्रदेश अध्यक्ष ने खुशी जाहिर करते हुये काहा निश्चित ही छतीसगढ़ के मनरेगा संघ की निम्न समस्याओ के प्रति जल्द ही निराकरण करवाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार, एवं केंद्र सरकार तक आवेदन निवेदन किया जायेगा, नहीं होने पर रास्ट्रीय मनरेगा मेट संघ नई दिल्ली मे शामिल होकर उग्र प्रदर्शन करना पड़ेगा,हर मुकाम तक पहुंच कर अपने संघठन की अधिकार मांग को लेना जरुरी है इस बात को रखते हुये अपने जन्मदिन के अवसर प्रदेश वासि मेट संघ को अश्वस्त करते हुये आभार ब्यक्त किया।

### 16 को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में 16 मार्च 2023 को सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर (कैम्पस रिकूटमेंट पार्टनर) की ओर से आईटीआई के पास विभिन्न व्यवसायों हेतु कैंपस का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में 16 मार्च 2023 को सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर (कैंपस रिक्रूटमेंट पार्टनर) की ओर से 18700 रुपये मासिक की दर से एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के विभिन्न व्यवसाय ( फिटर, मैकेनिक डीजल, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल ) के ऐसे प्रशिक्षणार्थी जो कि 2017 से 2022 के बीच पास हुये हैं एवं जिनकी आयु 18-24 वर्ष हो आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक 16 मार्च 2023 को प्रातः 09 बजे समस्त आवश्यक दस्तावेज ( 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पेन कार्ड, आधार कार्ड की मूल एवं दो छायाप्रति वर्तमान पासपोर्ट फोटो की 03 प्रति) के साथ संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-बलौदाबाजार जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Office Phone- 07727-296695 Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-53//**

**(प्रथम बार)**

क्रमांक /597/निविदा/ग्रा.यां.से./2022-23 बलौदाबाजार, दिनांक 10/03/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 25.03.2023 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 127204 | गुरूघासीदास जन्मस्थली में पेवर पथ, सौन्दर्यीकरण एवं प्रवेश द्वार निर्माण कार्य, ग्राम- गिरौदपुरी, वि.ख.-कसडोल | 35.44 | प्रत्येक कार्य के लिए ऑनलाईन निविदा |
| 127205 | गुरूघासीदास जन्मस्थली में अहाता निर्माण द्वितीय चरण, ग्राम- गिरौदपुरी, वि.ख. - कसडोल | 33.54 | आमंत्रण की अंतिम तिथि 25.03.2023 |

2/ निविदा की सामान्य शर्ते विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट -2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट -2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी बेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 11.03.2023 से देखी जा सकती है।

(ए.के. देवांगन)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां. सेवा संभाग- बलौदाबार
जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

जी-99236/5



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग रायगढ़ (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र. 18**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 2625/निविदा /ग्रायांसेवा/2022-23, रायगढ़, दिनांक 10.03.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. पंजीकृज डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा ई.एम.डी. तकनीकी अभिलेख एवं वित्तिय प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि - 27.03.2023 अपरान्ह 5.00 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि - 28.03.2023 पूर्वान्ह 12.30 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम एवं स्थल | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | जोनल निविदा - विकासखण्ड रायगढ़ के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |
| 02 | जोनल निविदा - विकासखण्ड खरसिया के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |
| 03 | जोनल निविदा - विकासखण्ड तमनार के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |
| 04 | जोनल निविदा - विकासखण्ड घरघोड़ा के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |
| 05 | जोनल निविदा - विकासखण्ड धरमजयगढ़ के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |
| 06 | जोनल निविदा- विकासखण्ड लैलूंगा के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |
| 07 | जोनल निविदा - विकासखण्ड पुसौर के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |
| 08 | जोनल निविदा - विकासखण्ड बरमकेला के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |
| 09 | जोनल निविदा - विकासखण्ड सारंगढ़ के अंतर्गत सिविल कार्य | 20.00 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 11.03.2023 से विभागीय वेबसाइट https://res.cg.gov.in से डाउन लोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
3. निविदा की धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में 14 माह का देय होगा तथा निविदा प्रपत्र का मूल्य डिमाण्ड डाफ्ट या बैंकर्स चेक जो कि कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग रायगढ़ के पक्ष में देय होगा।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

जी-99242/4


## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अडानी को लेकर...**

के दूसरे सबसे बड़े पैसे वाले व्यक्ति बन गए। लेकिन हिंडनबर्ग में कुछ ऐसा प्रकाशित हुआ जिसके बाद उनके शेर धड़ाम से गिरे। लोकसभा, राज्यसभा में अडानी मसले पर सवाल के दौरान राहुल गांधी और खड़गे दोनों के भाषण को रिकॉर्ड से हटा दिया जाता है। इसकी जांच क्यों नहीं होती। विनोद तिवारी जो किराए के मकान में रहते हैं उनके यहां ईडी छापा मार देती है। लेकिन जहां हजारों लाखों करोड़ों रुपए डूबा वहां सरकारी एजेंसी नहीं जाएगी। यही बात तो राहुल गांधी कह रहे हैं कि जितने भी संस्थाएं हैं उसे कब्जे में कर लिया गया है । जैसे-जैसे निर्देश करते हैं वैसे-वैसे कार्रवाई होती है। देश का पैसा डूब रहा है। बैंकों का पैसा डूबा है। एलआईसी का पैसा फंसा हुआ है। क्यों इसकी जांच नहीं होनी चाहिए। वहीं स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने इस दौरान कहा देश को बचाने की जवाबदारी हम सब के ऊपर है। देश में प्रजातंत्र को सही राह में रखने की जवाबदारी हमारी तरफ है और इसके लिए कांग्रेस आगे बढ़ रही है।

**प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष मरकाम ...**

तो कब से सरकार में सप्लाई का काम कर रही है। 7 करोड़ डीएमएफ के पैसे का बंदरबाट किया गया है। एक ही अधिकारी को बहुत से पद पर बैठाया गया है। मरकाम ने मंत्री रविंद्र चौबे से पूछा, क्या इसमें जांच कराएंगे। मरकाम को अपनी ही सरकार को घेरते देख विपक्षी भाजपा विधायकों ने न सिर्फ चुटकी ली, बल्कि जमकर हंगामा करते हुए मंत्री का इस्तीफा भी मांगा। विपक्ष के सदस्य शिवरतन ने कहा कि खुद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आरोप लगा रहे हैं। मंत्री को इस पर त्याग पत्र दे देना चाहिए। वहीं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि पूरे प्रदेश में डीएमएफ में गड़बड़ी हो रही है। रविंद्र चौबे बोले कि मामला गंभीर है हम तो अध्यक्ष को धन्यवाद दे रहे हैं गंभीर मामले को उठाया। वहीं बृजमोहन अग्रवाल ने कहा जो निर्माण एजेंसी है उसे क्रय करने का अधिकार है। क्या जो मरकाम जो कह रहे हैं 7 करोड़ की जांच करवाएंगे। इस पर चौबे बोले हां अधिकार है आपके समय का नियम है, कलेक्टर को अधिकार है जिसको नोडल एजेंसी बनाए। मैं नहीं समझ रहा कि 7 करोड़ का पूरा बंदरबांट हुआ होगा। राज्य स्तर के अधिकारी भेजकर जांच करवा लूंगा।

**गोयल के बयान पर ...**

काम हो। पूरी तरह से फ र्जी रास्ता अपनाया गया है ताकि पीएम से जुड़े अडाणी महाघोटाले में जेपीसी के लिए विपक्ष की संयुक्त मांग से ध्यान हटाया जा सके।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस अडाणी मामले में जेपीसी गठित करने, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और कई अन्य विषय उठाती रहेगी।''उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी द्वारा भारतीय लोकतंत्र को लेकर लंदन में की गई टिप्पणी के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी ने संसद के दोनों सदनों में कांग्रेस पर निशाना साधा और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष से माफी की मांग की। इसको लेकर दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। लोकसभा में रक्षा मंत्री एवं सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने लंदन में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है।

### विकासखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन गीदम में संपन्न

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश ।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के बाद दंतेवाड़ा ज़िले के गीदम में विकासखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में भूपेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं को संक्षिप्त रूप में समझाया गया और इन योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुँचाने को कहा गया। कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल फागुन मंडाई में देवी देवताओं के विदाई कार्यक्रम में पहुँचे थे जहाँ उन्होंने दंतेवाड़ा को दी गई सौग़ातों के बारे में भी बताया।आगे बूथ, सेक्टर, ज़ोन अध्यक्षों को उनके क्षेत्रों में होने वाली परेशानियों के बारे में पूछा गया और जल्द ही निवारण करने का आश्वासन दिया। जिप अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा कि पूर्व से गीदम विकासखंड कांग्रेस पार्टी के लिए मज़बूत रहा है इस बार हमे और मज़बूत करने की ज़रूरत है। सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जाये और उनकी परेशानी सुने। अंतिम में सभी को हमर माटी हमर कलेवा हमर तिहार किताब बाँटा गया जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में जानकारियाँ दी गई है। कार्यक्रम में खाद्य निगम सदस्य विमल सुराना, जवाहर सुराना, नगर पालिका अध्यक्ष साक्षी सुराना, ब्लॉक अध्यक्ष कमलोचन सेठिया, सरपंच संघ गीदम अध्यक्ष अनिल कर्मा, बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, ज़ोन अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में गीदम विकासखंड के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 10 वीं की विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न

**जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज आयोजित कक्षा 10वीं के विज्ञान विषय की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। परीक्षा में कुल 15761 परीक्षार्थी उपस्थित और 585 अनुपस्थित रहें। आज जिले के शास.उ.मा.वि. महामाया पामगढ़ में 01 नकल प्रकरण दर्ज किया गया।


**कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)** Email: Lspsskm@gmail.com

**// ई-निविदा सूचना //** Contact No. 07987900070, 7869855731

निविदा सूचना क्रमांक 127558, 127560, 127661 दिनांक- 13/03/2023

2500 टी.सी.डी. शक्कर कारखाना पण्डरिया में ई-निविदा सूचना क्र. 127558 शक्कर एस-30, सूचना क्र.. 127560 इंजीनियरिंग सामग्री क्रय तथा सूचना क्र.127561 फायर एंड सेफ्टी संबंधित सामग्री क्रय एवं सर्विसेस कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर अलग-अलग ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- (1000/- रु. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) में फार्म Upload किया जाना है।

निविदा की शर्ते व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेबसाईट WWW.Lspssk.co.in में भी अवलोकन कर सकते हैं।

महाप्रबंधक



**न्यायालय तहसीलदार कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /बी-121
साकिन बरदेभाटा प.ह.नं. नजूल

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा आम जनता सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार यादव पिता स्व. फागूराम यादव जाति राउत निवासी ग्राम बरदेभाटा तहसील कांकेर जिला उ.ब. कांकेर के द्वारा उनके पिता स्व. फागूराम यादव पिता स्व. सुकालू राम जाति राउत ग्राम बरदेभाटा का मृत्यु दिनांक 03/06/2008 पंजीयन कराने बाबत शपथ पत्र जच्चा बच्चा, स्कूल प्रमाणपत्र ग्राम पंचायत के अनुलब्धता के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो विधिवत अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 14/03/2023 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मोहर साथ जारी किया गया। (सील)

तहसीलदार
कांकेर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

## अर्जुनी राज के राजप्रधान चुनाव 2 अप्रैल को

**अर्जुनी/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज के लिए राजप्रधान का चुनाव होना है। जिनके लिए प्रचार प्रसार की गति तेज हो गई है राजप्रधान के संभावित तीन उम्मीदवार सघन प्रचार को लेकर गति तेज कर चुके है वंही 10 -11 मार्च को पाटन राज में हुए महाधिवेशन में दो अप्रैल को राज प्रधान के लिए अधसूचना जारी किया गया है जिसके लिए 13 मार्च तक नामांकन भरने को लिए निर्देशित किया गया व 14 को फार्म वापसी लेने का समय तय किया गया ।जिसे लेकर ग्राम मुढ़ीपार के प्रत्यशी हरिराम वर्मा समाजसेवी व उन्नत कृषक ने अपने समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र भरा यह नामांकन भाटापारा कुर्मी बोर्डिंग छात्रावास नामांकन भरा इस अवसर पर स्वजाति बंधुगण व समर्थकों का तांता लगा रहा।

## 'आपके द्वार आयुष्मान' के चौथे चरण में 31 मार्च तक ग्रामों में लगाए जा रहे विशेष शिविर

**धमतरी/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान के चौथे चरण में जिले के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को इसके दायरे में लाने के लिए 31 मार्च तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां पर उपस्थित होकर हितग्राही मौके पर ही आयुष्मान कार्ड के लिए अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों का पंजीयन करा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. मण्डल ने बताया कि आज से 31 मार्च तक जिले के सभी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतवार चिन्हांकित शासकीय प्राथमिक स्कूलों एवं अन्य भवनों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में ऐसे हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, ऐसे परिवार के सभी सदस्य (राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं एक्टिव मोबाइल नंबर सहित) उपस्थित होकर संबंधित ग्राम पंचायत के चॉइस सेंटर अथवा व्हीएलई ऑपरेटरों के माध्यम से तैयार कराया जा रहा है। यह भी बताया गया है कि किसी प्रकार की कठिनाई अथवा समस्या होने पर हेल्पलाइन टोलफ्री नंबर 104 अथवा 14555 पर कॉल कर सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए अपनी ग्राम पंचायत के सचिव, मितानिन से सम्पर्क कर छूटे हुए हितग्राहियों की सूची में नामों का अवलोकन किया जा सकता है। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि सभी छूटे हुए शेष हितग्राही नजदीकी ग्राम पंचायत के चिन्हांकित स्कूल अथवा भवन में पहुंचकर अपना पंजीयन कराएं और शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं।

## जवाहर उत्कर्ष योजना चयन परीक्षा के परिणाम घोषित, दावा आपत्ति तक

**धमतरी/नवप्रदेश।** पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के अंतर्गत वष्र 2023-24 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए रविवार 12 मार्च को परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। परीक्षा के परिणाम का अवलोकन संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने कहा है कि परीक्षा परिणाम, नाम, पिता का नाम, अध्ययनरत संस्था, वर्ग आदि में त्रुटि होने के संबंध में आगामी 15 मार्च तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कक्ष क्रमांक-85 में उपस्थित होकर अपनी दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक 16 को

**धमतरी/नवप्रदेश।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी के चालू वित्तीय वर्ष की तृतीय तिमाही की समीक्षा बैठक आगामी 16 मार्च को आयोजित की जाएगी। संस्था की निदेशक ने बताया कि इसके अलावा बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक कार्ययोजना एवं उसकी सहमति पर भी चर्चा की जाएगी।

## आंबा कार्यकर्ता, सहायिका की नियुक्ति के लिए आवेदन 20 तक आमंत्रित

**धमतरी/नवप्रदेश।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी के अंतर्गत 06 आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आगामी 29 मार्च तक आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी नगरी ने बताया कि ग्राम पंचायत लटियारा के साहनीखार और बाजारकुर्रीडीह के बगबूढ़ापारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता के लिए आवेदन परियोजना कार्यालय में सीधे अथवा डाक के माध्यम से 29 मार्च तक आवेदन जमा किया जा सकता है। इसी तरह ग्राम पंचायत हिंछापुर, टांगापानी, बटनहर्रा और भड़सिवना में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए आवेदन सभी अवश्यक दस्तावेजों के साथ आमंत्रित किए गए हैं।

## मध्याह्न भोजन 1872 क्विंटल खाद्यान्न का पुनर्बंटन

**धमतरी/नवप्रदेश।** मध्याह्न भोजन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 की चतुर्थ तिमाही के लिए माह अप्रैल 2023 हेतु जिले की 887 प्राथमिक व 457 माध्यमिक शालाओं में कुल 1872 क्विंटल खाद्यान्न का पुनर्बंटन आदेश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। इसमें प्राथमिक शालाओं के लिए 898.70 क्विंटल और अपर प्राथमिक शालाओं के लिए 973.30 क्विंटल खाद्यान्न का पुनर्बंटन सम्मिलित है।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में जिला बालोद प्रदेश में दूसरे स्थान पर

**बालोद/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में अंर्तविभागीय समन्वय से शत्प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके अंतर्गत बालोद जिले में प्रतिदिन औसत 4000 आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बालोद जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का कुल लक्ष्य 08 लाख 58 हजार 468 है। जिसके अंतर्गत 07 लाख 01 हजार 125

कार्ड बनाए गए हैं। जिले में 01 लाख 57 हजार 03 सौ 43 आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाना शेष है। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के द्वारा लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्राम स्तर पर कोटवार के माध्यम से मुनादी भी की जा रही है। जिले के समस्त विकासखण्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सीएमओ तथा स्वास्थ्य विभाग से खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता, सचिव, सरपंच, मितानीन शत् प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने प्रयासरत् है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत कार्ड बनाने के पश्चात् एपीएल परिवार के हितग्राही 50 हजार रुपये तथा बीपीएल परिवार के हितग्राही 05 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार करा सकते हैं।

# पांच करोड़ की लागत से मिली सड़क निर्माण की सौगात

■ **संसदीय सचिव ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभांरभ**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** झलप रोड से ग्राम पथर्री तक तथा ग्राम नरतोरा से भटगांव तक करीब पांच करोड़ की लागत से सड़क निर्माण की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सड़क निर्माण कार्य का शुभांरभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण होने से आवाजाही में सहुलियत हो सकेगी। वहीं सड़क निर्माण की मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया।

ग्राम पंचायत नरतोरा में झलप रोड से पथर्री व नरतोरा से भटगांव तक सड़क निर्माण कार्य का शुभांरभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दारा साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन साहू, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नरतोरा के अध्यक्ष राजू दीवान, जनपद सदस्य हेमंत डड़सेना, खोम सिन्हा, मायाराम टंडन, राजा गंभीर, दिलीप चंद्राकर, माणिक साहू, रमन सिंग ठाकुर, लेड़गा साहू, हुमन दीवान, कृष्ण कुमार नर्मदा, गंगाराम पटेल, रामजी ध्रुव, डागा राम साहू मौजूद थे। पूजा-अर्चना पश्चात संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने सड़क निर्माण कार्य का शुभांरभ किया। गौरतलब है कि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर के प्रयास से दो करोड़ 85 लाख 25 हजार की लागत से झलप रोड से ग्राम पथर्री तक, दो करोड़ 9 लाख 99 हजार की लागत से ग्राम नरतोरा से भटगांव तक सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। सड़क निर्माण कार्य का शुभांरभ होने पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। जनता की आवश्यक और जायज मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। सड़कों को गांव के विकास की सीढ़ी बताते हुए संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि सड़क के निर्माण से क्षेत्र के विकास के मार्ग खुलेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच सुशीला मायाराम टंडन, कीर्ति कोसरिया, ईश्वर यादव, कौशिल्या गोपाल पटेल, रतन पटेल, सूरज पटेल, भोजराम यादव, टोपेश यादव, हेमलाल यादव, पुरुषोत्तम ढीढी, तिरथ पटेल, पुष्पा पटेल, कुंती यादव, दिनेश यादव, सुखवंतीन मन्नाडे, जोहातरिन यादव, ममता पटेल, मोंगरा पटेल, भारत पटेल, जुगल बाई ध्रुव, राजकुमार टंडन, गोवर्धन पटेल, रामजी पटेल, लेखराम पटेल, ओंकार पटेल, गेंदलाल पटेल, लखन यादव, ईश्वर पटेल, डोमार सिंग पटेल, कांति यादव, घांसीराम यादव सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# सिंचाई सुविधा में वर्षों पुरानी मांग स्वीकृत

■ **सलिहाघाट लिफ्ट एरीगेशन सिंचाई सुविधा को मिली बजट में स्वीकृति**

**भटगांव/नवप्रदेश।** भटगांव अंचल में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार हेतु बजट वर्ष 2022 -23 में विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है एक तरफ जहां क्षेत्र के वर्षो पुरानी मांग बसंतपुर बैराज में महानदी पर सलिहा घाट उदवहन सिंचाई योजना को स्वीकृति मिली है जिससे भटगांव में सिंचाई विस्तार करते हुए किसानों को पानी उपलब्ध हो पायेगा।उल्लेखनीय है कि सलिहा घाट लिफ्ट एरीगेशन सिंचाई परियोजना की मांग लंबे अरसे से क्षेत्रवासियों द्वारा किया जाता रहा है आसय है कि जानकारी देते हुए नगर पंचायत भटगांव के उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने बताया कि वर्ष 2022 -23 के बजट में क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्र देव राय के प्रयास से जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे द्वारा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित मांग को बजट में शामिल किया गया है प्रवेश दुबे ने बताया कि क्षेत्र में बंदारी लिफ्ट एरीगेशन महानदी पर सर्वे हेतु एवं ठाकुर दिया जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य के साथ जोंक मुख्य नहर से चूरेला उदवहन सिंचाई योजना को स्वीकृति मिली है सिंचाई सुविधा को महत्वपूर्ण स्थान देते हुए बजट स्वीकृति में टेडीभदरा व्यवपर्तन योजना के जीर्णोद्धार को भी शामिल किया गया है क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्र देव राय की सजगता और सिंचाई सुविधा के लिए समर्पित होकर संघर्ष करने की क्षमता ने क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन ने बजट में स्वीकृति प्रदान की है बसंतपुर बैराज महानदी में सलिहा घाट लिफ्ट एरीगेशन प्रयोजना की स्वीकृति निश्चित रूप से भटगांव अंचल के किसानों को सिंचाई सुविधा समुचित जल आपूर्ति हो जाएगी नगर पंचायत भटगांव के उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने सिंचाई परियोजना बजट में मिली स्वीकृति पर क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्र देव राय का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वर्षो पुरानी मांग महानदी पर सलिहा घाट उदवहन सिंचाई योजना के साथ ही अन्य सिंचाई सुविधा के विस्तार की योजनाओं को बजट में स्वीकृति दिलाकर चंद्र देव राय ने यह साबित किया है कि कि स्थानीय व्यक्ति के विधायक पद पर निर्वाचित होने से क्षेत्र को लाभ जरूर मिलता है प्रवेश दुबे ने क्षेत्रीय विधायक चंद्र राय का एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए इस कदम को मील का पत्थर बताया।

# कांग्रेस के होली मिलन समारोह में फाग की धुन पर झूमे कार्यकर्ता

■ **संसदीय सचिव ने रंग गुलाल लगाकर उत्साह के साथ काम करने दिया जोर**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन में आयोजित होली मिलन समारोह कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। फाग गीतों की धुन पर कार्यकर्ता झूमते रहे। वहीं संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को रंग गुलाल लगाकर उत्साह के साथ काम करने पर जोर दिया गया।

रविवार को संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर द्वारा कांग्रेस भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र से पहुंचे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रंग गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि होली पर्व भाईचारा का पर्व होता है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से एक-दूसरे को जानने व अपने विचारों को आदान-प्रदान करने का अवसर मिलता है। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को उत्साह के साथ काम करने जोर दिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमरजीत चावला, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, पर्यटन मंडल के सदस्य अंकित बागबाहरा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, दाउलाल चंद्राकर, जिला महामंत्री संजय शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ढेलू निषाद, अरूण चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो, अमन चंद्राकर, विजय साव, हार्दिक सोना, गिरजाशंकर चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कपिल साहू, किशन देवांगन, मृत्युंजय बोस, जावेद चौहान, आवेज खान, मनीष साहू, हितेश साहू, तोषण कन्नौजे, सचिन गायकवाड़, लीलू साहू, मोती साहू, प्रहलाद ध्रुव, परमेश्वर साहू, परमानंद साहू, जीवन यादव, गणेश ध्रुव, तारा चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, सकुन चंद्राकर, संतोषी यादव, द्रोपति चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, मोतीम चंद्राकर, रमा चंद्राकर, लक्ष्मी सोनी, भारती साहू, आरती मोहंती, भुनेश्वरी यादव, सोनम रामटेके, कविता तिवारी, ममता चंद्राकर, माया वर्मा, वैजेंती ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भरतनाट्यम पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

■ **शानदार प्रस्तुतियों के साथ नृत्य के गुर सीख रहे हैं विद्यार्थी-शोधार्थी**

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में 'स्वतंत्र भारत में भरतनाट्यम' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 13 मार्च 2023 से शुरू हो गया है। इस संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में बैंगलोर के आत्मालय संस्थान की अध्यक्ष डॉ. पद्मजा सुरेश मुख्य अतिथि थीं, वही इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कुलसचिव प्रो. डॉ. आईडी तिवारी ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्वागत उद्बोधन नृत्य संकाय की अधिष्ठाता डॉ. नीता गहरवार ने दिया, वहीं भरतनाट्यम विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. एस मेदिनी होम्बल ने आभार व्यक्त किया।

संगोष्ठी के पहले दिन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. पद्मजा सुरेश ने की, जबकि विशेषज्ञ वक्ता के रूप में दुर्ग की डॉ. ऋचा ठाकुर और खैरागढ़ विश्वविद्यालय में भरतनाट्यम की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मेदिनी ने अपने विचार रखे।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के पहले दिन शाम को डॉ पद्मजा सुरेश और ऋचा ठाकुर ने भरतनाट्यम नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अधिष्ठातागण, शिक्षकगण, विद्यार्थी, शोधार्थी सहित विश्व विद्यालय परिवार उपस्थित हुआ।आपको बता दें कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन भोपाल की डॉ. लता सिंह मुंशी की अध्यक्षता में तकनीकी सत्र संपन्न होगा, जिसमें पटना की सुदीपा बोस और अतिथि व्याख्याता होरिल गौर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में अपनी बात रखेंगे। साथ ही आमंत्रित शोधार्थियों के द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया जाएगा।

## सोलह खोली-स्टेशन पारा पहुंचे पदयात्री संत

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** अवैध धर्मांतरण की समाप्ति व भारत को संवैधानिक हिन्दू राष्ट्र घोषित करने धर्म जागरण हेतु पूज्य संतों द्वारा पदयात्रा पुरे छत्तीसगढ़ प्रांत में चारों ओर से चार टोलियों में किया जा रहा हैं, जिसमें पूज्य संत महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास जी (अध्यक्ष अ.भा. संत समिति छग), पूज्य संत राजीवलोचन दास जी (चित्रकूट धाम), पूज्य संत युधिष्ठिर लाल जी (संरक्षक अ.भा. संत समिति छग), पूज्य संत महंत राधेश्याम दास जी (महामंत्री अ.भा. संत समिति छग), पूज्य संत ओंकार दास जी सहित संतगण पदयात्रा कर रहें हैं। इस पुनीत पदयात्रा में शामिल संतो को भोजन आखिल भारतीय मेहतर समाज सोला खोली स्टेशन पारा द्वारा करवाया गया तथा वार्डवासियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया, जिसके स्वागत भोजन कार्यकम में समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण सहित सुदर्शन समाज के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं बजरंग दल नगर संयोजक प्रिंस प्रशांत हाथीबेड, अंशुल कसार, अनुज गर्वे शामिल हुए और सेवा कर वार्ड की समृद्धि खुशहाली एकता के आशिर्वाद देने की संतो से प्रार्थना की।

# आधार कार्ड अपडेट के नाम पर गरीब हो रहे राशन से वंचित

■ **प्रशासन की लापरवाही कर रहा गरीबों के राशन पर चोंट**

**भटगांव/नवप्रदेश।** नगर पंचायत भटगांव में आधार कार्ड अपडेट के नाम पर गरीब राशन से वंचित हो रहे हैं प्रशासन की लापरवाही से गरीबों को राशन नहीं मिल पाने का मामला सामने आया है उल्लेखनीय है कि नगर में ऐसे हितग्राही है जो शासन द्वारा प्रदाय किए जाने वाले राशन कार्ड पर संबंधित राशन दुकान से हितग्राही को लगातार राशन उपलब्ध होता रहा है किंतु विगत दो तीन माह से उसी राशन कार्ड पर यह कहते हुए राशन नहीं दिया जा रहा है की राशन कार्ड में आधार कार्ड का अपडेट नहीं हो पाया है यह कहना वाजिब नहीं होगा कि प्रशासन की लापरवाही और सही समय पर राशन से संबंधित हितग्राही के आधार कार्ड को लिंक अपडेट नहीं कराने से आम राशन कार्डधारी गरीब व्यक्ति दो-तीन माह से राशन से वंचित हो रहे हैं छत्तीसगढ़ शासन के महत्वकांक्षी योजना हर व्यक्ति को राशन का अधिकार है और जिस मनसा से शासन द्वारा राशन कार्ड बनाया गया है उसे प्रशासन पलीता लगाने में लगा है इस संबंध में नगर पंचायत भटगांव के राजस्व निरीक्षक शरद देवांगन से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि राशन कार्ड धारियों के आधार कार्ड को अपडेट करने के संबंध में कार्यालय नगर पंचायत भटगांव को कोई मार्गदर्शन अथवा परिपत्र प्राप्त नहीं हुआ है राशन कार्ड से आधार कार्ड अपडेट करने के संबंध में संपूर्ण कार्य अधिकारी जिला खाद्य अधिकारी के कार्यालय में होता है इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने खाद्य निरीक्षक को भेज कर पता करने की बात कही गई गौरतलब यह है।

# जिले में उत्कृष्ट बीएलओ कार्य हेतु पिंकी ठाकुर का सम्मान

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** कलेक्टर द्वारा जिला में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य एवं मतदाताओं को चुनाव के प्रति जागरूक करने हेतु उत्कृष्ट बी.एल.ओ. का सम्मान जिला कार्यालय में दिया गया। केसीजी के जिला निर्वाचन कार्यालय की अनुशंसा पर बी.एल.ओ. पिंकी ठाकुर केंद्र - शा.प्रा.शाला भवन दाऊचौरा, खैरागढ़ को उत्कृष्ट बी.एल.ओ. कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

उक्त सम्मान में बी.एल.ओ. पिंकी ठाकुर को 5000रू. का चेक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मानित होने पर पिंकी ठाकुर ने कलेक्टर का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नव मतदाताओं को जागरूक करना और मतदाता सूची पुनरीक्षण में बी.एल.ओ का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। मतदाता पुनरीक्षण में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो, इसे विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है । मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से 18 वर्ष आयु पूर्ण होने पर, किसी व्यक्ति के स्थानांतरण होने पर या व्यक्ति मृत होने पर नाम जुड़वा अथवा कटवा सकते है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुनील कुमार शर्मा उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यालयमंडलम के अध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात

**खरोरा/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रविवार को निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यालयमंडलम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार शर्मा ने मुलाकात की. इस दौरान डॉ. सुरेश कुमार ने सीएम भूपेश बघेल को माता श्री छत्तीसगढ वंदना की प्रति भेंट की. डॉ. शर्मा ने बताया कि माताश्री छत्तीसगढ वंदना की रचना उन्होंने संस्कृत भाषा में की है. इसमें 5 श्लोकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना की गई है. जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी की समस्त गुणों का बखान किया गया है. मुख्यमंत्री ने डॉ. शर्मा के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें बधाई दी. इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विद्यालय मंडलम रायपुर के सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद साहू भी मौजूद थे।

# 75वां महाअधिवेशन : पाल समाज की कार्यकारिणी का गठन, यशवंत पाल बने अध्यक्ष

**खरोरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज का 75वां महाअधिवेशन 11 मार्च से 13 मार्च तक महादेव घाट रायपुरा रायपुर स्थित पाल सामाजिक भवन में रखा गया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में समाज के सभी 18 पार के पदाधिकारी, पार प्रमुख व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान पहले दिन 11 मार्च को कार्यकारिणी का गठन व केन्द्रीय पदाधिकारियों अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष के पद के लिए चुनाव हुआ। तीनों पद के लिए समाज लोगों ने वोट डाले। इस अवसर पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों को चुना गया। वहीं अन्य पदों के लिए मनोनयन प्रक्रिया से नियुक्ति की गई। इस दौरान अध्यक्ष के पद पर यशंवत राव पाल रायपुर, संरक्षक कुलभूषण पाल रायपुर, तुलाराम पाल हसदा, उपाध्यक्ष डां. दानीराम पाल सांकरा, साहिल पाल रायपुर, कोषाध्यक्ष हेमंत पाल कुथरेल, उपकोषाध्यक्ष मिलन पाल देवारभांठा, सचिव राजू पाल देवबलौदा, सहसचिव तेजराम पाल टंडवा, महामंत्री में शंकर लाल पाल जंजगीरा, भक्तूराम पाल अकोली, आसकरण पाल चौबेबांधा, लालाराम पाल उरला, पंचराम पाल सड्डू, नरसिंग पाल टंडवा, सलाहकार में प्रभु पाल परसदा, रामाधीन पाल अर्जुनी, ओमप्रकाश पाल सिवनी, यशवंत पाल टोकरो, विश्राम पाल अंवरी, अमरसिंग पाल करेली बड़ी, मीडिया प्रभारी में केशव पाल मढ़ी, प्रेमलाल पाल कुंरा, विशेष आमंत्रित सदस्य में महेश पाल सकरी, कुंजबिहारी पाल अंवरी, चंद्रकांत पाल बरौदा, रेमन पाल कुथरेल, दिनेश पाल हथबंद, ईश्वर पाल रायपुर, राजकुमार पाल देवारभांठा, देवेंद्र पाल नारी, सुखबीर पाल मढ़ी, टकेश्वर पाल मढ़ी,ऑडिटर बलदेव पाल करेली बड़ी को नियुक्त किया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष के पद पर मनटोरा बाई पाल चौबेबांधा, उपाध्यक्ष दुलारी बाई पाल पटेवा, सचिव सीता पाल पटेवा, सहसचिव भारती पाल रायपुरा, कोषाध्यक्ष गीता पाल खपरी की नियुक्ति हुई। कार्यकारिणी सदस्य में डेमीन पाल सकरी, मोंगरा पाल मनोहरा, रूखमणी पाल मनोहरा तथा अनुसुइया पाल को नियुक्त किया गया है। इधर, चुनाव सम्पन्न होने के बाद समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर बधाई दिए। विदित है कि, उक्त चुनाव आगामी तीन वर्ष के लिए किया गया है। सामाजिक कार्यो के प्रति उनके लगाव व समर्पण भाव को देखते हुए समाज ने इस बार कुछ नये युवा चेहरें को भी महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को समाज हित में कार्य करने व सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने की बात कही। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भी उन पर भरोसा जताने व सामजिक पदों पर नियुक्त करने के लिए समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष यशवंत राव पाल ने कहा कि, मैं हमारे समाज का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूँ। मैं समाज के प्रति हमेशा अपना दायित्व निभाता रहूंगा व समाज के उत्थान को लेकर लगातार कार्य करूंगा। सचिव राजू पाल ने कहा कि, वह समाज हित में काम करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। समाज के लोगों ने उनके व्यवहार, विचार और स्वभाव को देखकर सर्वसम्मति से उन्हें चुना है इसके लिए मैं पाल समाज का आभारी हूँ। कोषाध्यक्ष हेमंत पाल ने कहा कि, हम सब मिलकर समाज को मजबूती प्रदान करने पर बल देंगे और लोगों को समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करेंगे।

## न्यूज गैलरी

### अनियमित कर्मचारी आज विस का करेंगे घेराव

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में नियमितीकरण का मुद्दा फिर गरमाने लगा है. छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ ने अंतिम बजट में भी नियमितीकरण का ऐलान नहीं होने पर आज 14 मार्च को विधानसभा घेराव का ऐलान किया है. साथ ही, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने की बात कही है. संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने कहा है कि 14 मार्च को नियमितीकरण का वादा पूरा नहीं होने के कारण आक्रोशित होकर विधानसभा घेराव करने जा रहे हैं. कांग्रेस ने वर्ष 2018 में चुनाव जीतने के पहले सभी अनियमित कर्मचारी को 10 दिनों में नियमित करने का वादा किया था. साथ ही, रायपुर शहर में बड़े-बड़े होर्डिंग में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने के वादे का प्रचार किया गया. कांग्रेस पार्टी ने जनघोषणा पत्र-2018 के बिंदू क्रमांक-11 प्रदेश के शासकीय विभागों/निगम/ मंडल/आयोग/निकाय में कार्यरत अनियमित, संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी/अधिकारियों की नियमितीकरण एवं किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं करने और बिंदु क्रमांक-30 में शासकीय विभागों में आउट सोर्सिंग पूर्णतः बंद करने का वादा किया था. 14 फरवरी 2019 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छग संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रदेश के लाखों अनियमित कर्मचारियों को मंच से आश्वासन और विश्वास दिलाए थे कि ''इस साल किसानों का और आने वाला साल कर्मचारियों का होगा। इस आश्वासन और विश्वास को 4 साल पूरा होने को हैं, लेकिन नियमितीकरण आज भी अधूरा है।

### सिकासेर डैम से ग्रामीणों को मिलेगा पानी

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम कसेरूडीह, धुरसा, फुलझर, जमाही, छुहिया, चरौदा, बोड़की, बेलर, पतोरी के ग्रामीणों ने पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए सिकासार डेम से पानी छोड़ने की मांग क्षेत्रीय विधायक अमितेश शुक्ल से की है, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक श्री शुक्ल ने जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन से चर्चा कर तत्काल पानी छोड़ने के लिए निर्देशित किया है जिससे पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत मिल सके, उक्त जानकारी कांग्रेस नेता सन्नी मेमन ने दी।

### रोजगार मेला 17 को, 755 पदों पर होगी भर्ती

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण दन्तेवाड़ा के द्वारा संकल्प योजना के तहत जिले में 17 मार्च को लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा,मेन रोड गीदम में रोजगार मेला का आयोजन समय प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। रोजगार मेला में सिक्योरिटी गॉड्र्स, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मोटर मैकेनिक, सुपरवाईजर, वेल्डर,सेल्समेन, वेटर आदि कुल 755 विभिन्न पदों में भर्ती हेतु नियोजक उपस्थित रहेगें। नियुक्ति स्थल, अनुमानित वेतन एवं पदों की अधिक जानकारी हेतु संयुक्त जिला कार्यालय भवन कलेक्ट्रेट दन्तेवाड़ा एवं लाइवलीहुड कॉलेज दन्तेवाड़ा के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है। जिले के समस्त शिक्षित बेरोजगार युवाओं से आग्रह है कि शैक्षणिक अर्हता संबंधी दस्तावेज 02 प्रति में लेकर रोजगार मेला में सम्मिलित होकर अवसरों का लाभ उठाएं और रोजगार मेला को सफल बनाएं। अधिक जानकारी हेतु सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण दंतेवाड़ा संपर्क नं. 9406334109 से संपर्क कर सकते हैं।

### रोजगार मेला 17 को, 285 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 17 मार्च को सवेरे 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 18 निजी प्रतिष्ठानों द्वारा सेल्स असिस्टेंट, सेल्स मैनेजर, एकांउटेंट, इंश्योरेस एडवाईजर, नर्सिंग, फार्मेसी आदि जैसे 285 विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी, जिसमें से 206 पद महिलाओं के लिए है। रोजगार मेला में महिलाओं के लिए पृथक से काउंटर की व्यवस्था रहेगी। रोजगार मेला में बिल्डर, ऑटोमोबाईल, हास्पिटल, इंश्योरेंश, कृषि एवं शैक्षणिक सेक्टरों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए निर्धारित योग्यता पदों के अनुसार 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, आईटीआई., नर्सिंग, एम.बी.ए. आदि निर्धारित की गई है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कल

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक बुधवार 15 मार्च को जिला कार्यालय के आस्था कक्ष में शाम चार बजे कलेक्टर श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

### तहसीलदार व नायब तहसीलदार को मिली नवीन पदस्थापना

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से एक तहसीलदार व 2 नायब तहसीलदारों का नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार तहसीलदार बतौली श्रीमती नीतू भगत को तहसीलदार उदयपुर, नायब तहसीलदार कुन्नी श्री ईश्वर चंद्र यादव को प्रभारी तहसीलदार बतौली तथा सहायक भू-अधीक्षक एवं नायब तहसीलदार लखनपुर श्री प्रांजल गोयल को नायब तहसीलदार कुन्नी में नवीन पदस्थापना मिली है।

### 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा परिणाम घोषित

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा संचालित आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2023- 24 में कशा 6 वी में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिले के परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम विभागीय वेबसाइट https://surguja.gov.in/ या आदिवासी विकास विभाग के सूचना पटल पर देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम के संबंध में 15 मार्च 2023 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 'विश्व ग्लाकोमा सप्ताह' का आयोजन 18 तक

**कांकेर/नवप्रदेश।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 18 मार्च तक ''विश्व ग्लाकोमा सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में सिविल सर्जन डॉ. संजय बसाक, अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सरिता कुमेटी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय उसेंडी, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एस.पी.एस. शांडिल्य की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय कांकेर में ''विश्व ग्लाकोमा सप्ताह'' का शुभारंभ कर ग्लोकोमा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ग्लोकोमा जागरूकता रथ द्वारा जन सामान्य को ग्लाकोमा (नेत्ररोग) की जानकारी, इसके बचाव एवं उपचार (आंखो के दबाव एवं पर्दा का जांच) की जानकारी दी जायेगी, जिसमें 40 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जायेगी एवं निःशुल्क प्रेसबायोपिक चश्मा का वितरण भी किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने ग्लाकोमा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि ग्लाकोमा एक (काला मोतिया) है, यह बीमारी ज्यादातर 40 वर्ष से अधिक उम्र वालों को होती है। ग्लाकोमा आंखों का रोग है, जो धीरे-धीरे आंखों की रोशनी छीन लेता है। इस बीमारी के लक्षण दृष्टि में धीरे-धीरे कमी आना, आंखों में लालिमा, अचानक दृष्टि का जाना, तीव्र दर्द, धुंधली दृष्टि, तेज रोशनी के चारों तरफइंद्रधनुष रंग के गोले नजर आना तथा चश्मा नम्बर में लगातार बदलाव होना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खरे ने जिले वासियों से अपील किया है कि ''विश्व ग्लाकोमा सप्ताह'' में अपनी आंखों की जांच अवश्य करवाएं तथा अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठावें।

# निर्माणाधीन मकान का काम रूकवाया, 4 दुकानों पर निगम ने लगाया ताला

**रिसाली/नवप्रदेश।** चेतावनी और समझाइश का असर नहीं होने पर रिसाली नगर पालिक निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नियमितीकरण को नजरअंदाज करने पर निगम के अधिकारियों ने सरस्वती कुंज में अपना ताला जड़ दिया। इसमें 4 दुकानें और 1 मकान शामिल है। खास बात यह है कि नगर निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अधिकारी एक माह पहले समझाइश दी थी। वहीं पन्द्रह दिनों पहले यह कहते हुए नोटिस जारी किया था कि अवैध निर्माण करने वाले शासन की योजना के तहत नियमितीकरण के लिए दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करे।

### इन दुकानों को किया सील

- चंदा सोनी डेलीनिड्स दुकान
- आशीष पटेल अंडरकंस्ट्रक्शन
- सूर्यकांत सेनापति कार सेंटर शॉप
- कमलेश साहू आवासीय व व्यावसायीक दुकान
- राजू लाल देवांगन ऑटो वर्कस

इसके बाद भी अवैध निर्माणकर्ताओं ने रूचि नहीं दिखाई। आयुक्त के आदेश पर सोमवार को राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी संजय वर्मा के नेतृत्व में टीम ने सील बंद कार्रवाई की।

**अधिकारियों को दिखाया एप्रोच :** सील करने पहुंचे निगम अधिकारियों को पहले तो दस्तावेज जमा करने की झूठी कहानी बताई। पावती दिखाने की बात कहे जाने पर प्रभावितों ने पहुंच दिखाना शुरू कर दिया। क्षेत्रीय जनप्रतिनितधियों से बात करने जिद्द करने लगे। निगम अधिकारियों ने पहले धैर्यपूर्वक बाते सूनी और सील बंद कार्रवाई की। हालांकि तीन प्रभावितों ने देर शाम नियमितीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जाने की जानकारी देते हुए निगम द्वारा लगाए ताला को खोलने आवेदन भी दिया।

**आयुक्त ने दिए कड़े निर्देश :** निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने अवैध निर्माण करने वालो के खिलाफसख्ती से कारवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि बिना अनुमति मकान बनाने वालों कार्य बंद कराए, और जुर्माना वसूल करे। साथ ही भवन अनुज्ञा लेने प्रेरित करे। आयुक्त ने बिना अनुमति मकान बनाकर निवास करने वालो से नियमितीकरण के तहत निगम से संपर्क कर भवन निर्माण प्रमाण पत्र लेने की अपील की है।

# एक्स-रे जांच की आड़ में चल रहा था क्लीनिक, स्वास्थ्य विभाग ने किया सील

■ **झोलाछाप डॉक्टर इलाज़ करते हुए पकड़ा गया**

**कांकेर/नवप्रदेश।** होली के बाद कांकेर स्वास्थ्य विभाग एक्शन मोड पर है। बिना लाइसेंस संचालित अस्पताल सहित झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ मुहिम चलाकर ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। जिले के चारामा और नरहरपुर ब्लॉक में दो दिनों में बिना लाइसेंस संचालित अस्पताल जिसमें एक्स-रे मशीन चलाई जा रही थी तो दूसरी ओर नरहरपुर में दो झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक खोल फर्जी तरीके से इलाज करते पकड़े जाने पर सीलबंद कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खरे के निर्देशानुशार कांकेर के चारामा ब्लॉक में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुर्री व उनकी टीम ने सीएमएचओ डॉक्टर अविनाश खरे के निर्दश का पालन करते गणपति अस्पताल चारामा में छापे मार

कार्यवाही करते क्लीनिक को सील बंद की कार्यवाही की गई। नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम डुमरपानी में अवैध रूप से दो झोलाछाप डॉक्टर जो क्लीनिक खोल कर प्रेक्टिस कर रहे थे जिन्हे बीएमओ ने अपनी टीम गठित कर दोनो झोलाछाप डॉक्टरों के अवैध प्रेक्टिसनर पर कार्यवाही करते सील कर दी गई। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्यवाही के बाद जिले भर में बिना लाइसेंस संचालित अस्पताल सहित झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मचा है। इधर चारामा बीएमओ डॉक्टर जुर्री ने बताया की एनएचए छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन नियम 2013 के तहत ब्लाक चारामा नगर में संचालित गणपति अस्पताल में जांच की कार्यवाही की गई। बीएमओ के नेतृत्व में, चिकित्सा अधिकारी, लैब टैक्नीशियन फार्मासिस्ट एवं सहायक ग्रेड तीन की 5 सदस्यीय टीम ने जांच के दौरान पाया कि क्लिनिक में एक्स रे जांच संबंधी दस्तावेज ही थे। अस्पताल आवश्यक दस्तावेज न मिलने की स्थिति में अस्पताल के सीलबंद की कार्यवाही की गई। सीएमएचओ ने बताया कि हमारी बहुत पहले से झोलाछाप डॉक्टर और अवैध रूप से संचालित अस्पताल पर लगाम कसने की तैयारी थी। लेकिन त्यौहार के चलते कार्यवाही नहीं हो पाया। दो दिनों मे दो झोलाछाप डॉक्टर सहित एक्सरे की आड़ में चल रहे अस्पताल पर सील बंद कार्यवाही किया गया है। हमारी कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# बृजमोहन ने सदन में उठाया जल संसाधन विभाग में संविदा नियुक्ति का मामला

**रायपुर/नवप्रदेश।** जल संसाधन विभाग में रिटायर्ड अफसरों को संविदा नियुक्ति के माध्यम से पुनः मलाईदार पदों पर बिठाये जाने और वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार दिए जाने का मामला सुर्खियों में रहा है। इसके पीछे भ्रष्टाचार की मंशा भी साफ दिखाई पड़ती है। इसी संबंध में आज वरिष्ठ भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने प्रश्नकाल दौरान विधानसभा में यह मुद्दा उठाया। बृजमोहन ने जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे से जानकारी चाही की जल संसाधन विभाग में वर्तमान में उप अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता पद पर कितनी-कितनी संख्या में रिटायर्ड अधिकारियों को संविदा नियुक्ति और किस नियम के तहत दी गई है। साथ ही यह पूछा कि बीते 2 वर्षों में नियमित अधिकारियों का स्थानांतरण

कर किन-किन संविदा अधिकारियों पदस्थापना की गई है। क्या उन्हे प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार दिए गए हैं? इसके जवाब में जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे ने सदन में बताया कि आज की स्थिति में 2 उप अभियंता 16 सहायक अभियंता 3 कार्यपालन अभियंता, 6 अधीक्षण अभियंता पद पर सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि नियुक्त संविदा अधिकारियों को वित्तीय अधिकार भी दिए गए थे।

# मवेशी की तस्करी करते पकड़े गए 4 तस्कर

**सुकमा/नवप्रदेश।** सोमवार की सुबह 5 बजे के करीब सुकमा के केरलापाल थाना में एमसीपी (मोबाइल चेकिंग पोस्ट) गस्ति के दौरान सुकमा की ओर से आ रही बड़ी भारी वाहनों को चेकिंग के लिए चेकपोस्ट पर रोका गया। चेकिंग के दौरान एक ट्रक और पिकअप समेत दो बड़ी वाहनों में मवेशी तस्करी करते हुए पाया गया। जिसमे 6 बैल व 12 भैंस समेत कुल 18 मवेशियों के अवैध तस्करी को केरलापाल थाना प्रभारी द्वारा रोका गया। मामले में गंभीरता से कार्यवाही करते हुए केरलापाल पुलिस द्वारा तत्काल गाड़ी जप्त कर 11 (घ) (ड़)(च),4,6,10 छग. कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम व 47 (1)(2)(3),48,49,50 के तहत वैधानिक कार्यवाही कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिसमे नागन बाईन रमेश पिता विरन्ना उम्र 36 वर्ष निवासी - सुदेनपल्ली थाना मण्डल कुरवी जिला महुआबाद (तेलंगाना), टी0विनोद पिता बोडिया उम्र 20 वर्ष निवासी अनचेरलागुडम थाना मण्डल कुरवी जिला मुहुआबाद (तेलंगाना), साई कुमार पिता वेंकन्ना उम्र 20 वर्ष निवासी मण्डल कुरवी थाना मण्डल कुरवी जिला महुआबाद (तेलंगाना), व बदावत साई पिता बदावत किशन निवासी लिग्या सण्डा थाना मण्डल कुरवी जिला महुआबाद (तेलंगाना) समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# भाजपा ने सरकार को दी चुनौती...

## 15 को सच का सामना करने तैयार रहने कहा

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री व मोर आवास मोर अधिकार अभियान के संयोजक विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भाजपा की चुनौती स्वीकार करने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण के संदर्भ में झूठ बोलने से पहले अपने पूर्व पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव से खुली बहस कर लें, जिन्होंने आठ लाख आवास नहीं बना पाने के कारण अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि बाकी खुली बहस करने के लिए हम 15 मार्च को हितग्राहियों के साथ विधानसभा आ ही रहे हैं। प्रदेश भाजपा महामंत्री व मोर आवास मोर अधिकार अभियान के संयोजक विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री से कहा कि झूठ के पुलिंदे पर बनी सरकार,

हर बात पर झूठ बोले, यह उचित नहीं है। मुख्यमंत्री सदन में झूठ बोल रहे हैं। सदन के बाहर भी झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस मीडिया विभाग के लोग बिना तथ्यों के उनके सुर में सुर मिला रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की स्थिति आपको देखना है तो प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की वेबसाइट पर मिल जाएगा। सारी जानकारियां वर्षवार एंट्री हैं और यह कोई आज की नहीं हैं। पुरानी हैं। मुख्यमंत्री तथ्यों को झूठला रहे हैं, यह ठीक नहीं है। भाजपा उन्हें सच्चाई पर पर्दा नहीं डालने देगी। सभी समझ रहे हैं कि भूपेश बघेल सवा चार साल से सिर्फ झूठ बोलकर सरकार चला रहे हैं। किया धरा कुछ नहीं है। उनकी सरकार धराशाई होने वाली है तो अब प्रधानमंत्री आवास पर झूठ बोल रहे हैं। गरीब आवासहीनों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का झूठ नहीं, उनका अधिकार, उनका आवास चाहिए। भाजपा गरीबों के साथ खड़ी है। भूपेश बघेल गरीब को उसका हक नहीं दे रहे। लेकिन भाजपा इस गरीब विरोधी सरकार को ही सड़क पर ला देगी और गरीब को उसका अधिकार देगी।

### दो दुकानों से जांच के लिए लिया पनीर का नमूना

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले के मिठाई दुकानों का सतत निरीक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में दो मिठाई दुकानों से पनीर का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विगत दिवस खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा अम्बिकापुर के मेसर्स जय मां तारा डेयरी तथा जय मां महामाया डेयरी एवं डेली निड्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पश्चात विक्रय किए जा रहे पनीर (खुला) का नमूना को परीक्षण एवं विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत कार्यावाही की जाएगी।

### सहकारिता प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक देशमुख भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले

**दुर्ग/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक पद पर दिलीप देशमुख के नियुक्ति के पश्चात दिलीप देशमुख के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में कार्यरत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा से भेंट की। इस दौरान दिलीप देशमुख ने जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा और सहकारिता नेता प्रीतपाल बेलचंदन से अपनी नियुक्ति पर अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहां की सहकारिता वह क्षेत्र है जहां से हमारी ग्रामीण परिवेश की जनता अपनी उम्मीदों को जोड़कर रखता है और उम्मीदों का पूर्ण करने में अगर हमारे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सफल होते हैं, इससे बड़ी खुशी की बात कुछ नहीं होगी। मैं नवनियुक्त सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप देशमुख

और उनकी भावी टीम के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक, आशीष निमंजे, मनोज सोनी, मदन वडाई, पूर्व जिला पंचायत सभापति मुकेश बेलचंदन, अशोक गौतम, चेतन देशमुख, नीलमणी दिल्लीवार, प्रमोद वाघ, झमनेस देशमुख, मूलचंद राजपूत, रवि देशमुख, ओंकार देवागंन, चेतन साहू, भूपेन्द्र बेलचंदन, गिरीश्वर देशमुख, धरमपाल पिपरिया, मोहित खरे, वीरेन्द्र चतुर्वेदी सहित सभी कार्यकर्ता शामिल रहे।